

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 23 दिसंबर 2024 | वर्ष: 02, अंक: 308, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## पीएम क्रिसमस समारोह में करेंग प्रतिभाग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली स्थित सीबीसीआई सेंटर परिसर में कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) के क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से होगा। प्रधानमंत्री मोदी कार्डिनल्स, बिशप्स और चर्च के प्रमुख नेताओं सहित ईसाई समुदाय के प्रमुख नेताओं से बातचीत करेंगे। यह पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री भारत में कैथोलिक चर्च के मुख्यालय में इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होगा।

कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) की स्थापना 1944 में हुई थी। यह निकाय पूरे भारत में सभी कैथोलिकों के साथ मिलकर काम करता है।

## पीएम आज युवाओं को वितरित करेंगे नियुक्तिपत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

रोजगार मेला देशभर में 45 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा।

# कुवैत के सर्वोच्च सम्मान से मोदी सम्मानित

## ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर पाने वाले पहले भारतीय पीएम; अब तक 20 देश कर चुके सम्मानित

**कुवैत सिटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत दौरे के दूसरे दिन सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह से यह सम्मान हासिल किया। बता दें कि ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड सम्मान है। यह सम्मान मित्रता के प्रतीक के तौर पर राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को दिया जाता है। पीएम मोदी से पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसी हस्तियों को दिया जा चुका है। कुवैत की सरकारी समाचार एजेंसी कुना के मुताबिक भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों को मजबूत करने की खातिर दिया गया है। आपको बता दें कि किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया यह 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। कुवैत के अमीर के साथ शानदार मुलाकात हुई। हमने फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, फिनटेक, इंफ्रास्ट्रक्चर और सिक्योरिटी जैसे मुद्दों पर चर्चा की। हमने अपनी पार्टनरशिप को स्ट्रेटेजिक लेवल तक बढ़ाया है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी दोस्ती और भी मजबूत होगी। इससे पहले पीएम मोदी का अमीर के महल बायन पैलेस में स्वागत किया गया था, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी शनिवार को दो दिन के कुवैत दौरे पर पहुंचे थे। दौरे के पहले दिन भारतीय मजदूरों से मुलाकात की पीएम मोदी ने शनिवार को कुवैत में काम करने वाले भारतीय मजदूरों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मजदूरों से बातचीत की, उनका हालचाल पूछा और साथ में नाश्ता भी किया। इससे पहले पीएम ने कुवैत में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया था। प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 43 साल के बाद भारत का कोई पीएम कुवैत आया है। आपको भारत से आना है तो 4 घंटे लगते हैं, प्रधानमंत्री को 4 दशक लग गए।



### भारत और कुवैत को वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी जोड़ा: मोदी

**मोदी ने कहा कि** आज भारत रेमिटेंस के मामले में सबसे आगे है, तो इसका बहुत बड़ा श्रेय आप सभी मेहनतकश साथियों को जाता है। देशवासी भी आपके इस योगदान का सम्मान करते हैं। भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का, व्यापार-कारोबार का है। भारत-कुवैत अरब सागर के दो किनारे पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं दिलों ने भी आपस में जोड़ा है। हमें वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी आपस में जोड़ा है। पीएम ने कहा कि एक वक्त था जब कुवैत से मोती, अच्छी नस्ल के घोड़े भारत जाते थे। वहीं भारत से मसाले, कपड़े, लकड़ी कुवैत आती थीं।

कुवैत का मोती, भारत के लिए किसी हीरे से कम नहीं हैं। आज

### कुवैत में लोगों को हर त्योहार मनाने की सुविधा: पीएम

मोदी ने कहा कि कुवैत में लोगों को हर त्योहार मनाने की सुविधा है। लेकिन मैं आपको सेलिब्रेट करने आया हूं। पीएम मोदी से पहले 1981 में प्रधानमंत्री रहते इंदिरा गांधी ने कुवैत का दौरा किया था। 4 दशक बाद ये किसी भारतीय पीएम का पहला कुवैत दौरा है। मोदी का एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट वेलकम हुआ।



**कुवैत में भारतीयों ने भारतीयता का तड़का लगाया**

मोदी ने कहा कि आपमें से कितने ही लोग पीढ़ियों से कुवैत में रह रहे हैं। बहुत सारे लोगों का जन्म ही यही हुआ है।

हर साल यहां रहने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है। आपने कुवैत के समाज में भारतीयता का तड़का लगाया है।

### कुवैत की लीडरशिप भी भारतीयों की मेहनत की कायल



**पीएम** मोदी ने कहा कि आपने कुवैत के कैनवास पर भारतीय हुनर का रंग भरा है, यहां भारत के टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेडिशन का मसाला मिक्स किया है। मैं यहां सिर्फ आपसे मिलने नहीं आया हूं बल्कि आप सभी की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने के लिए यहां आया हूं। पीएम ने कहा कि मैंने यहां काम करने वाले भारतीय मजदूरों और कर्मचारियों से मुलाकात की। ये साथी यहां कंस्ट्रक्शन से जुड़े हैं। इसके अलावा बाकी लोग भी दूसरे सेक्टर में पसीना बहा रहे हैं। भारतीय समुदाय के डॉक्टर्स, नर्सें कुवैत के मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बहुत बड़ी शक्ति हैं। भारतीय शिक्षक कुवैत की अगली पीढ़ी को मजबूत बनाने में सहयोग कर रहे हैं, इंजीनियर्स कुवैत के नेक्स्ट जेनेरेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं। जब भी मैं कुवैत की लीडरशिप से बात करता हूं तो वे आपकी खूब तारीफ करते हैं। कुवैत के नागरिक भी भारतीयों की मेहनत, ईमानदारी, स्किल की वजह से सम्मान करते हैं।





## कड़ाधाम मंदिर के पास महिलाओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी( ब्यूरो चीफ )** । एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालय/ गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। इस क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम आमा कुँवा व कौशाम्बी में भ्रमण कर, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बल्हेपुर में चौपाल लगाकर, थाना मोहब्बतपुर पइँसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम अनेठा में भ्रमण कर, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा ग्राम हसनपुर में भ्रमण कर, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा मां शीतलाधाम मेला क्षेत्र में भ्रमण कर, महिला थाना व थाना मंझनपुर पुलिस टीम अपने अपने थाना क्षेत्र मे भ्रमण कर/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- *(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि* के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## मऊआइमा पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। डीसीपी** गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश पर मऊआइमा पुलिस वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।



प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर वारण्टी अभियुक्त नन्हेलाल पुत्र शिवबरन निवासी रामनगर गंसियारी थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास स्थान रामनगर गंसियारी के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम
चौकी प्रभारी धीरेन्द्र नाथ यादव. उ0नि0 तुफैल खान, थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## जनपद में चला अभियान,17 वारंटी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** कप्तान बृजेश श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अभियान चलाकर पुलिस ने 17 वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



सराय अकिल पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र शीतला प्रसाद निवासी ग्राम खोपा थाना सराय अकिल गिरफ्तार किया।



पिपरी पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त संदीप उर्फ झुल्लू पुत्र भुल्लन नि० गिरिया खालसा, नारे उर्फ देवराज पुत्र अलहित निवासी चायल को गिरफ्तार किया। संदीपनघाट पुलिस ने 3 वारण्टी अभियुक्तों धारा सिंह . शीलू, शत्रुधन सिंह पुत्रगण श्रीराम निवासीगण सैता को गिरफ्तार किया।




थाना कोखराज पुलिस उ०नि० अंशुमान मिश्रा ने वारण्टी अभियुक्त मान सिंह पुत्र गुलाब सिंह नि० शीतलपुर, राम पासी पुत्र इन्द्रराम पासी निवासी बम्हरौली, बनवारी लाल पासी पुत्र दौलत पासी निवासी ग्राम चमन्धा थाना कोखराज को गिरफ्तार किया। थाना सैनी के सिराथू चौकी प्रभारी मनोज कुमार तोमर ने 3 वारण्टी अभियुक्तों सगीर . समीम, रहीस पुत्रगण सुबराती नि०गण मघवामई, इन्द्रपाल सोनकर पुत्र मोहन लाल नि० छोटी सौरई, बंगाली कहार पुत्र स्व० हरीप्रसाद निवासी कस्बा सिराथू, सुखराम पुत्र सैकू भगत, ललवा पुत्र सुखराम निवासीगण कानूनगो का पुरवा कस्बा सिराथू थाना सैनी को गिरफ्तार किया। थाना कड़ाधाम पुलिस उ०नि० सुभम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त केशलाल पुत्र सुरजपाल सरोज नि० लेहदरी थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया।









# कौशांबीः पीसीएस 2024 प्रारंभिक परीक्षा सकुशल संपन्न









## डीएम, एसपी, एएसपी,सीओ करते रहे परीक्षा केंद्रों का भ्रमण



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी**
**रविवार** को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस 2024 प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रो का भ्रमण कर जायजा लिया। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोखराज अंतर्गत कस्बा भरवारी,थाना सैनी अंतर्गत कस्बा सिराथू में पड़ने वाले परीक्षा केंद्र एस0ए0वी0 इण्टर कालेज को चेक किया। सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा सर्किल क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया एवं आने वाले परीक्षार्थियों के पास प्रतिबन्धित सामग्री की चेकिंग की गयी, सीओ कौशाम्बी अभिषेक सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी मंझनपुर के साथ थाना महेवाघाट क्षेत्र अन्तर्गत हिनौता में पड़ने वाले परीक्षा केंद्र कृषक इण्टर कालेज का निरीक्षण किया गया एवं आने वाले परीक्षार्थियों के पास प्रतिबन्धित सामग्री की चेकिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सैनी बृजेश करवरिया, प्रभारी निरीक्षक कोखराज चंद्र भूषण मौर्या, थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा त्रिलोकी पांडेय, उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह मौजूद रहें।

## चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो वारंटी पकड़े

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।**
**जनपद में वांछित/वारण्टी** अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रविन्द्रनगर धूस पुलिस द्वारा वारण्टी अजय पुत्र



काशीनाथ निवासी पटखौली थाना रविन्द्रनगर धूस जनपद



कुशीनगर को गिरफ्तार किया।
थाना रामकोला पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट थाना रामकोला जनपद कुशीनगर से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त उपेन्द्र प्रजापति पुत्र मुनेब साकिन बरवा महादेवा थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# स्वस्थ्य रहने के लिए मेडिटेशन जरूरी : एस सिंह

## आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से मेडिटेशन दिवस मनाया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। द आर्ट ऑफ** लिविंग संस्था की ओर से यूपी बोर्ड मुख्यालय उप्र प्रयागराज में विश्व मेडिटेशन दिवस आज मनाया गया। अवकाश प्राप्त निदेशक राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उप्र प्रयागराज श्रीमती सुत्ता सिंह (एस सिंह) की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। इस यूपी बोर्ड मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय यूपी बोर्ड प्रयागराज के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वस्थ्य रहने के लिए द आर्ट ऑफ लिविंग का प्रशिक्षण दिया गया।
श्रीमती सिंह ने कहा कि इस भागम-भाग वाली जिंदगी में लोग मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हैं ऐसे में सबसे जरूरी है कि सुबह , शाम समय निकाल कर सभी को मेडिटेशन करना चाहिए तभी लोग स्वस्थ रह सकते है। इस दौरान यूपी बोर्ड मुख्यालय के अपर सचिव प्रशासन सरदार सिंह, यूपी बोर्ड के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय की अपर सचिव श्रीमती विभा मिश्रा,उप सचिव देवव्रत सिंह सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।

## स्टेक होल्डर के साथ बैठक में बनी सहमति

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। एडी**जी जोन भानु भास्कर एवं मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में महाकुंभ-2025 में यातायात प्रबंधन, पार्किंग एवं डिजास्टर मैनेजमेंट के सम्बंध में स्टेक होल्डरों के साथ बैठक हुई। इसमें यातायात प्रबंधन, पार्किंग, डिजास्टर मैनेजमेंट के सम्बंध में बनायी गयी कार्ययोजना पर स्टेक होल्डरों के द्वारा सहमति जतायी गयी। एडीजी जोन भानु भाष्कर, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में रविवार को मेला क्षेत्र बनाये गये अस्थाई पुलिस लाइन सभगार में महाकुंभ-2025 में यातायात प्रबंधन, पार्किंग एवं डिजास्टर मैनेजमेंट के सम्बंध में स्टेक होल्डरों के साथ बैठक में महाकुंभ 2025 को सकुशल, निर्विघ्न, सुरक्षित एवं पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रयागराज को जोड़ने वाली सड़कों, रेलवे स्टेशनों से आने वाले श्रद्धालुओं के भीड़ प्रबंधन को व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने के लिए बनायी गयी कार्ययोजना को पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।बैठक में उपस्थित स्टेक होल्डर्स-व्यापार मंडल, टैम्पों-टैक्सी यूनियन, ई रिक्शा यूनियन, होटल यूनियन, सिविल डिफेंस सहित अन्य स्टेक होल्डरों के द्वारा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त करते हुए महाकुम्भ-2025 को सकुशल, निर्विघ्न, सुरक्षित एवं पॉलिथीन मुक्त आयोजित किए जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी। बैठक में मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा प्रमुख मार्गों के यातायात प्रबंधन एवं नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को और सुगम बनाने तथा कहीं पर भी जाम की स्थिति न होने पाये, इसपर भी विस्तार से चर्चा की गयी। मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द ने मेले के आयोजन की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ व अन्य वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।







## पुलिस आयुक्त ने स्टेशन पर बने रेलवे कंट्रोल रूम व मेडिकल, अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज । महाकुम्भ मेला-2025 के सकुशल** एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत रविवार को पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा एवं मंडलायुक्त प्रयागराज द्वारा रेलवे स्टेशन प्रयागराज परिसर व स्टेशन पर बने रेलवे कंट्रोल रूम व मेडिकल सम्बंधित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त एन कोलांची, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जीआरपी अभिषेक यादव, डीआरएम प्रयागराज, पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती, पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मानसिक संकीर्णता के कारण समाज की समरसता भंग हो रही है: संजय विनायक जोशी

**उन्नाव।** पुरवा विधानसभा के गांव जबरेला में आयोजित "बटोगे तो कटोगे" संगोष्ठी को भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री संगठन संजय विनायक जोशी ने संबोधित करते हुए कहा देश की प्रगति अधिकारों के लिए संघर्ष से नहीं बल्कि कर्तव्य बोध से होती है।सच यह भी है कि मानसिक संकीर्णता के कारण समाज की समरसता भंग हो रही है।यही वजह है कि राजकीय योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक नहीं पहुंच रहा है। नारायण समाज सेवा संस्थान की ओर से आयोजित संगोष्ठी "बटोगे तो कटोगे" में बतौर मुख्य अतिथि संजय जोशी का उन्नाव की धरती में पहला कार्यक्रम था। खास यह कि उन्हें सुनने के लिए सैकड़ों की तादात में प्रबुद्धवर्ग, छात्र, किसान एवं महिलाएं मौजूद थी। उन्होंने कहा कि अधिकारों के प्रति सजग होना जितना जरूरी है उससे कहीं अधिक कर्तव्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। जोशी ने कहा कर्तव्य बोध के अभाव में हमारी दशा शेख चिल्ली के ख्वाबों जैसी हो गई है, जरूरत है हम सब संकीर्णताओं से ऊपर उठें और सबको गले लगा लें।गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में जूना अखाड़ा से आए महंत सिद्धेश्वरानंद गिरि महाराज ने कहा कि इतिहास साक्षी है हिंदू जहां भी घटा वहीं कटा इसलिए समय की मांग है राग द्वेष से ऊपर उठें समाज के हर वर्ग को अपनाएं ऊंच नीच का भाव समाज को कमजोर करता है।संगोष्ठी को भाजपा किसान मोर्चे के पूर्व महामंत्री विवेक

## इफको फूलपुर में किसान दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में बच्चो को किया गया पुरस्कृत



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर। इफको फूलपुर में किसान दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को इफको द्वारा किसान** फैशन शो का आयोजन सामुदायिक मिलन केंद्र में आयोजित किया गया जिसमें घियानगर के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय को ट्रॉफी दिया गया एवं दस बच्चों को मेडल दिया गया एवं सभी बच्चों को सर्टिफिकेट टाइम्स ऑफ इंडिया की तरफ से दिया गया तत्पश्चात इफको रिक्रिएशन क्लब द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विनर बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया, उन सभी बच्चों को पार्टिसिपेशन अवॉर्ड दिया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इकाई प्रमुख श्री संजय कुदेशियाजी एवं विनीता कुदेशिया शामिल हुए एवं ऑफिसर संघ के महामंत्री स्वयं प्रकाश और अध्यक्ष अनुराग तिवारी शामिल हुए। इंप्लाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पांडेय, महामंत्री विजय कुमार ,मानव संसाधन प्रमुख शम्भू शेखर, अजय कुमार मिश्र एवं घिया नगर की समस्त महिलाएं, कर्मचारियों एवं बच्चों तथा पूरी क्लब कमेटी ने सहभागिता दिखाई। इस कार्यक्रम का संचालन क्लब सचिव डी के शुक्ल ने किया एवं फैशन शो का संचालन टाइम्स ऑफ इंडिया के मैनेजर श्री अमित श्रीवास्तव ने किया प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में सरिता सिंह तथा नुपुर परासर सिंह शामिल रहीं

## चार दम्पति को एक साथ रहने को हुए राजी






**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में-
रविवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 04 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा 15 दिन बाद दम्पति की कुशल क्षेम पूछने हेतु पुनः बुलाया गया है।

## हत्या के 6 आरोपियों को आजीवन कारावास

**बांदा।** रास्ते में गोली मारकर हत्या करने के 6 आरोपियों को दोषी पाते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम की न्यायाधीश पल्लवी प्रकाश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अन्य धाराओं में भी सजा व जुमार्ना हुआ। जुमार्ना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। घटना 22 जून 2012 की है। वादी प्रभाकर अवस्थी ने थाना कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया कि वह और भाई राजन अवस्थी ग्राम कनवारा से मकान निर्माण के लिए सरिया व सीमेंट लेने मोटरसाइकिल से बांदा आ रहे थे। जैसे ही लगभग 12 बजे दिन में गैस एजेंसी गोदाम के पास बरूआ डेरा पहुंचे तो वहां पहले से घात लगाए बैठे दाऊ सिंह व बल्लू सिंह पुत्र चुन्नू सिंह अपने हांथों में दोनाली बंदूक लिए हुए तथा पप्पू सिंह व अल्हू सिंह पुत्र चुन्नू सिंह, संतू पुत्र रामअवतार केवट हांथों में तमंचे लिए हुए और शिवप्रताप पुत्र दृगपाल सिंह निवासी टिकरी मजरा कनवारा अपने हांथ में दो नली बंदूक लिए मिले। दाऊ सिंह ने मोटरसाइकिल रूकवाई और कहा कि तुम बड़े गुंडे बनते हो हमारे खिलाफ थाने में रिपोर्ट लिखाई है आज जिंदा नही छोड़ेंगे। प्रभाकर व राजन जान बचाने के लिए मोटरसाइकिल छोड़ कर सकील के बोर की ओर भागे तो सभी लोगों ने एक राय होकर जान से मारने की नियत से बंदूकों व तमंचों से ताबड़तोड़ फायर किए। जिससे भाई राजन को गोली लगी और वह गिर गया। फायरिंग से अफरा-तफरी मच गयी। आने-जाने व पुरवा के लोगों में भगदड़ मच गयी तथा चारों तरफ आतंक व दहशत फैल गयी।

## पंपलेट बाटकर बच्चों को किया जागरूक



सबसे तेज प्रयागराज
**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।

## सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धेय अटल जी का जन्मदिन मनाएगी भाजपा



ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज
**कौशांबी ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंझनपुर में आयोजित संगठनात्मक बैठक में 25 दिसम्बर से अटल जन्म शताब्दी श्रद्धेय अटल सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने आगामी कार्यक्रमों की उपस्थित पार्टी के जिला पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताण को विस्तृत जानकारी दिया।
बैठक में कार्यक्रम संयोजक दीप चन्द्र दिवाकर, सह संयोजक उमेश केसरवानी, प्रदीप कुमार शीलू पाण्डेय , सहित सम्मानित पदाधिकारिगण मण्डल अध्यक्षगण व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## अन्तर्जनपदीय बकरी चोर गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## चोरी की 27 राशि बकरे / बकरियाँ, बाइक 4 मोबाइल, नगदी पिकअप बरामद



सबसे तेज प्रयागराज
**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक के द्वारा अपराध व अपराधियों व टॉप टेन अपराधियों तथा माफियाओं व वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना खागा पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग मुखबिर की सूचना पर बकरा बकरी चोरी गिरोह का खुलासा करते हुए 3 शातिर अभियुक्तों राहुल यादव पुत्र राजू यादव निवासी तिलकापुर. सलमान उर्फ छोटू पुत्र मुहम्मद नबाव नि० ऐलई थाना खाग. आशीष शर्मा पुत्र अवधेश कुमार निवासी नई बाजार कस्बा खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से एक पिकअप के छोटे से डाले में बुरी तरह से लादे गये 27 राशि बकरे व बकरियाँ, 04 अदद मोबाइल, 3. एक अदद मोटरसाइकिल व 840/- रुपये नगद बरामद किया गया।

**अपराध का तरीका**

गिरफ्तार अभियुक्तगण का एक अंतर्जनपदीय बकरा बकरी चोरी का गिरोह है, जो आस पास के जनपदो में रेकी कर बकरा बकरी चोरी की घटना को अंजाम दिया करते है। पूछताछ में पाया गया कि बरामद बकरियों में ग्राम बोझ थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट से एक फार्म हाउस से चुराये हुए 10 अदद बकरे बकरी तथा जनपद प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ आदि जनपदों से चोरी करके लाये अन्य 17 अदद बकरा व बकरी है। अभियुक्तगण द्वारा अपने साथियों सुहेल पुत्र मुहम्मद नबाब तथा शोएब उर्फ शीबू पुत्र मुहम्मद नबाब नि० ऐलई थाना खागा जनपद फतेहपुर के साथ मिलकर ग्राम बोझ थाना बरगढ़ चित्रकूट व अन्य आस पास के जनपदों से चोरी किया गया था।, जिसके सम्बन्ध में थाना बरगढ़ में मु0अ0सं0106/2024 धारा 331 (4)/305 बीएनएस बकरी चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत है। अभियुक्तगण सुहेल पुत्र मुहम्मद नबाब उम्र 22 वर्ष तथा शोएब उर्फ शीबू पुत्र मुहम्मद नबाब उम्र करीब 25 वर्ष नि० ऐलही थाना खागा जनपद फतेहपुर को दिनांक 21.12.2024 को थाना राधानगर फतेहपुर में चोरी के बकरे बकरियों के साथ गिरफ्तार कर मा० न्यायालय भेजा गया है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने कलाकारों ने अपने अभिनय का जलवा दिखाया

**बलरामपुर। बलरामपुर** मॉडर्न इंटर कालेज बलरामपुर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव की श्रृंखला में को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने कलाकारों ने अपने अभिनय का जलवा दिखाया।
मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार व विशिष्ट अतिथि पैटर्न ट्रस्टी उमंग चतुवेर्दी ने दीप प्रज्ज्वलित कर व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से कार्य क्रम का शुभारम्भ किया।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को 1076 के बारे में दी जानकारी




सबसे तेज प्रयागराज
**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन रक्षा के तहत अवैध स्पा सेन्टर/ होटलों में मानव तस्करी व महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक कर अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही व संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

## हत्या के दो अभियुक्त पुलिस ने किया गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज। पुरामुफ्ती** पुलिस ने गमछे से गला दबाकर हत्या करने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।इनमें उदय सिंह यादव पुत्र स्व० हरी लाल निवासी कोड़ा थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज, गप्पू उर्फ मोनू यादव पुत्र रमेश कुमार उर्फ कुल्लू निवासी फतेहपुर घाट थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल हैं। इन दोनों को पुलिस ने पूरामुफ्ती क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। थाने लाकर पूछताछ करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।



पुलिस ने बताया कि 20 फरवरी को सूचना प्राप्त हुई थी कि पुरामुफ्ती क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर घाट में अरूण कुमार पुत्र स्व० गुलाबचन्द्र निवासी कुरई थाना संदीपन घाट जनपद कौशाम्बी उम्र 25 वर्ष की गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में थाना में मुकदमा दर्ज किया गया। मुखबिर की सूचना पर इन दोनों को ग्राम मीरापुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया।
**गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह शामिल रहे।**

## पति की पिटाई से आह्त पत्नी ने लगाई फांसी महिला की मौत

सबसे तेज प्रयागराज
**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नम्बर 6 बाला जी नगर स्थित टीकरडीह में शराबी पति की पिटाई से आह्त महिला ने तीन बच्चों को छोड़ कर फांसी लगाकर जान से दी, महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया गुड़िया देवी सरोज पत्नी रामचन्द्र ने शराबी पति की मारपीट से आह्त होकर खुद को दूसरे कमरे में बंद कर लिया। शराब के नशे में होने के चलते रामचंद्र भी सो गया। देर रात गुड़िया देवी ने बंद कमरे में फांसी? लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब रामचंद्र ने बंद कमरे का दरवाजा पीटा तो कोई आहट न हुई तो उसने अनहोनी की आशंका पर सिंघिया चौकी पुलिस को सूचना दी।सूचना पर सिंघिया चौकी प्रभारी अतुल श्रीवास्तव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो किसी तरह दरवाजा तोड़कर खोला गया, तो गुड़िया देवी का शव फांसी पर लटक रहा था। पुलिस ने शव को उतरवाकर लिखापढ़ी कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक गुड़िया देवी की मां सैनी थाना के परास निवासी फूल कली सरोज ने सिंघिया चौकी पुलिस को दामाद रामचंद्र के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर पाकर पुलिस ने मृतका के पति को पूछताछ के लिए थाने ले गयी है मृतक गुड़िया देवी की मौत से बेटे प्रियांशु (8), बेटी शिवांसी (6) व बेटे हिमांशु ( 2) का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक की मां फूलकली का कहना है कि बेटी गुड़िया की मौत के बाद अब इन बच्चों की परवरिश कैसे होगी पूरे मामले में सिंघिया चौकी प्रभारी अतुल श्रीवास्तव का कहना है कि पति रामचंद्र ने ही घटना की सूचना दी थी। मौके पर पहुंच कर शव को लिखापढ़ी कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। मृतक गुड़िया देवी की मां फूलकली देवी ने दमाद के खिलाफ तहरीर दी है। जांच की जा रही है।पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# हार जीत की बाजी लगा रहे 9 गिरफ्तार, नगदी बरामद

सबसे तेज प्रयागराज
**कौशांबी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० सुनील कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर 5 अभियुक्तों चन्द्रभान निषाद . सियाराम निषाद पुत्रगण रामसजीवन निषाद देवदत्त पुत्र सुन्दर पासी . राममिलन निषाद पुत्र रामजी निवासीगण ग्राम मल्हीपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी, बिहारी लाल पुत्र जयगोपाल नि० रेड़ी मुसौली थाना मऊ जनपद चित्रकूट को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो के कब्जे से मालफड़ 810 रुपये तथा जामातलाशी से 1680 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।
थाना कोखराज पुलिस उ०नि० सकील अहमद मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर 4 अभियुक्तो राजेन्द्र पटेल पुत्र हरी लाल . राहुल पटेल पुत्र गरीबदास . सीताराम पुत्र निर्मल पटेल . नीरज पटेल पुत्र रामनरेश निवासीगण ग्राम जरहुआ थाना कोखराज जपनद कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 450 रुपये तथा जामातलाशी से 300 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी। जनपद में** चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 97 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## 45 लीटर अवैध शराब के साथ 3 अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज
**कौशांबी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एव तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 03 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 45 ली0 अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तो के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

## खेलो से होता है शारीरिक और मानसिक विकास: विनोद बिन्द



## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावों की कमी नहीं है जरूरत है कि उन प्रतिभावों को खेल की सुविधाएं खेल मैदान के जरिए उन्हें उपलब्ध कराई जाय

मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज
**फूलपुर।** खेलो से शारीरिक और मानसिक विकास होता है शिक्षा के साथ साथ खेल कूद छात्र और छात्राओं के लिए बहुत जरूरी होता है उक्त बाते रविवार को फूलपुर विकास खंड फूलपुर के ग्राम सभा हंसराजपुर में खेल मैदान का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भदोही संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डाक्टर विनोद कुमार बिंद ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावों की कमी नहीं है जरूरत है कि उन प्रतिभावों को खेल की सुविधाएं खेल मैदान के जरिए उन्हें उपलब्ध कराई जाय। जिसमें बच्चों के खेल सामग्री भी उपलब्ध कराने की जरूरत है।
विकास खंड फूलपुर के हंसराज पुर गांव में मनरेगा से बनवाया गया खेल मैदान इसी का एक हिस्सा है। इससे बच्चे पूर्णतया निरोग रहते हैं पढ़ाई लिखाई के साथ कुछ समय खेलकूद में लगाने से शारीरिक मानसिक विकास होता है। पूर्व प्रमुख राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि भदोही लोकसभा में फूलपुर के दर्जनों से अधिक गांव चले जाने से इसका विकास थम गया है।
सांसद फुलपुर ब्लॉक के दर्जनों गांव जो विकास में पीछे हैं उन पर अपनी निगाहें करम बनाए रखेंगे तो खुशी की बात होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष फूलपुर अमरनाथ यादव ने आयोजकों को ऐसे आयोजन हेतु बधाई दी। मिथिलेश कुमार बिंद पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भदोही के अंतिम छोर पर आपकी निगाहें करम पड़ी यह गर्व और सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर सुधीर मौर्या पूर्व ब्लाक प्रमुख मऊआइमा, ग्राम प्रधान जय सिंह यादव आयोजक, श्याम लाल यादव एडवोकेट,प्रधान अनूप बिंद,प्रधान धर्मपाल बिंद,प्रधानपति राकेश बिंद,प्रधान धीरेन्द्र कुमार चौहान भाजपा नेता महबूब खान एवं मसूद अहमद खान के अलावा भाजपा नेता गण मौजूद रहे।

## दो वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल





सबसे तेज प्रयागराज
**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी २व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना चांदपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त गुलबदन पुत्र खुशीराम उम्र करीब 30 वर्ष नि०ग्राम चकलाला थाना चांदपुर को गिरफ्तार भेजा गया ।
इसी प्रकार थाना राधानगर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर से सम्बंधित वारंटी वीरेंद्र पुत्र घनश्याम निवासी ईसाइन का पुरवा थाना राधानगर जनपद फतेहपुर थाना को गिरफ्तार कर संबंधित मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## सम्मान समारोह (कंबल बितरण ) कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सबसे तेज प्रयागराज
**सुल्तानपुर। परशुराम** युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक संगठन जयसिंहपुर ब्लॉक के माध्यम से आज सरैया हरदो ग्राम सभा के अन्दर कंबल बितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का सयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अमित कुमार तिवारी के नेतृव मे जिसकी अध्यक्षयता राम भवन तिवारी ने किया और मुख्य अतिथि हर्ष नारायण मिश्रा ने भगवान श्री परशुराम जी के प्रतिमा पे पुष्प एवं दीप प्रज्वालित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



इस अवसर पे उपस्थित लोगो को कंबल देके सम्मान किया गया और समाज को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा हुयी इस कार्यक्रम का मुख्य व्यस्थापक संरक्षक पं घनश्याम तिवारी जी ने कार्यक्रम की पूरी तैयारी की और संरक्षक पं संजय मिश्रा जी के घर पे कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया ब्लॉक अध्यक्ष पं अंकुर पाण्डेय ने मुख्य अतिथि को माला पहना के कार्यक्रम की आगे बढ़ाया इस अवसर पे अनंत तिवारी, राघवेंद्र मिश्रा,टाइगर मिश्रा, गोकरन तिवारी, संदीप मिश्रा इ‌ऊ , विनीत मिश्रा, शीतला प्रसाद मिश्रा, पंकज तिवारी, प्रमोद मिश्रा, छोटेलाल तिवारी, राजेश ओझा,विजय कुमार तिवारी,राम उजागिर तिवारी,भानुप्रताप तिवारी,आदर्श पाण्डेय जिलाजीत तिवारी,विजय कुमार तिवारी,कामता प्रसाद,प्रमोद मिश्र,राम केवल मिश्र,गया प्रसाद तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र,जग रूप, ताड़क नाथ तिवारी,राम अवतार तिवारी,दानबहादुर तिवारी,शिवराम तिवारी,प्रदीप पाण्डेय, बिद्याधर मिश्रा आदि कई ब्राह्मण बंधु मौजूद रहें।

## टैम्पो,आटो रिक्शा आदि पर सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र का नाम चस्पा किया गया

सबसे तेज प्रयागराज
**बाराबंकी। पीसीएस** परीक्षा-2024 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर सुविधाजनक तरीके से पहुंचाने के लिए बाराबंकी पुलिस द्वारा निर्धारित रूट के टैम्पो/आटो रिक्शा आदि पर सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र का नाम चस्पा किया गया है तथा परीक्षा केन्द्रों का रोड मैप रेलवे स्टेशन बाराबंकी व बस स्टेशन (देवा रोड) पर लगाया गया है जिसकी सहायता से परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में सहायता प्राप्त होगी। परीक्षार्थियों की सहायता हेतु जनपद बाराबंकी के प्रमुख मार्गों/चौराहों/तिराहों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। साथ ही बाराबंकी पुलिस द्वारा परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक जाने के लिए निर्धारित किराये से अवगत कराया गया तथा टैम्पो/आटो चालकों को निर्धारित किराया लेने की हिदायत दी गयी।



# पुलिस मुठभेड़ में दो गौ तस्कर घायल, गौवंश, तमंचा कारतूस, नगदी



सबसे तेज प्रयागराज
**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल जनपद फतेहपुर के द्वारा अपराध व अपराधियों व टाप टेन अपराधियों तथा माफियाओं व वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी थरियांव फतेहपुर के कुशल निर्देशन में इंटेलिजेंस विंग प्रभारी निरीक्षक अरूण चतुर्वेदी मय टीम व थानाध्यक्ष हथगांव की संयुक्त टीम द्वारा रविवार को थरियांव मोड पर चैकिंग की जा रही थी तभी जरिये मुखबिर खास सूचना प्राप्त हुयी कि महुआ का बाग गोदाम पर वहदग्राम ढिगवारा में कुछ लोग गौकशी करने की फिराक में है इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल वहद ग्राम ढिगवारा पास महुआ के बाग में पहुंचकर देखा कि एक बछिया बंधी हुयी है, जिसे दो व्यक्ति काटने जा रहे थे पुलिस की टीम द्वारा घेराबंदी कर आत्म समर्पण हेतु कहा गया तो अभियुक्तगणों द्वारा पुलिस पर लक्ष्य कर से फायर किया गया, आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त नईस पुत्र आसन निवासी वीरसिंहपुर थाना धाता जनपद फतेहपुर के बाये पैर में गोली लगने से घायल हो गया, घायल को तत्काल पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर इलाज हेतु नजदीकी अस्पताल सीएचसी हथगांव ले जाया गया, व दूसरा अभियुक्त सैफी पुत्र मैकू निवासी ग्राम सलेमपुर थाना थरियांव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 20 वर्ष को भी गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के गौवध से संबंधित अपराधी है। इनके कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर, 04 अदद खोखा कारतूस, 02 अदद जिंदा कारतूस, 01 राशि गौवंश, 01 अदद कुल्हाड़ी, 04 अदद चाकू, 01 अदद लकड़ी का ठिहा, 02 पैकेट काली पन्नी, 01 चापड़, 01 रस्सी व 01 पीली बड़ी पन्नी(तिरपाल), दो अदद मोटर साइकिल व 390 रुपए नगद बरामद किये गये ।
गिरफ्तारी करने वाली टीम इंटेलिजेंस विंग
निरीक्षक अरूण चतुर्वेदी प्रभारी इंटेलिजेंस विंग,थानाध्यक्ष निकेत भारद्वाज थाना हथगांव. व0उ0नि0 विद्याप्रकाश सिंह. उ0नि0 राजेन्द्र सिंह.उ0नि0 वीरभद्र सिंह, उ0नि0 रविन्द्र कुमार।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज।** थरवई पुलिस थाना क्षेत्र के गांव की महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को रविवार गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।




प्रभारी निरीक्षक थरवई अरविंद गौतम ने बताया कि क्षेत्र में वांछित आरोपियों की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त अनुराग कुमार उर्फ गुल्लू उर्फ बासू पुत्र मिथिलेश कुमार उर्फ पप्पू निवासी ग्राम मलाका मय भैंसाही थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत मलाका मय भैंसाही स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।
**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**
उ0नि0 रामायण सिंह. प्रशि0उ0नि0 मोहम्मद इमरान, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयगराज ।

## खागा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



सबसे तेज प्रयागराज
**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना खागा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त योगेश प्रताप सिंह पुत्र मानसिंह निवासी कल्लनपुर मजरे सलेमपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय भेजा गया है।

संपादक की कलम से

## टिकाऊ आजीविका के साथ पर्यावरण की रक्षा

खेती और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। गाय का गोबर खाद से खेत को उपजाऊ बनाते थे और उसके बछड़ों से खेत की जुताई की जाती थी। ट्रेक्टर और कंबाईन हारवेस्टर के खेत में आने से पषु ऊर्जा को खेती से अलग कर दिया गया है। अब खेत में बैल से जुताई नहीं, ट्रेक्टर से की जा रही है। अब गोबर खाद नहीं, हरित क्रांति के संकर बीजों के साथ आए रासायनिक खादों का इस्तेमाल हो रहा है।

पिछले कुछ सालों से खेती में रासायनिक खाद व मशीनीकरण का इस्तेमाल हो रहा है। इसके कई पहलू हैं, जिस पर चर्चा होती रही है। इसका एक पहलू कंबाईन-ट्रेक्टर से खेती भी है। इसका एक असर तो पर्यावरण पर प्रतिकूल असर है, साथ यह मजदूरों की आजीविका से भी जुड़ा हुआ है। फसलों की कटाई एक ऐसा मौका होता है, जब किसान व मजदूरों दोनों में भाईचारा व एकता दिखाई देता है। इसलिए आज इस मुद्दे पर चर्चा करना उचित होगा, जिससे खेती को समग्रता में समझा जा सके।

अक्सर जब हमें खेतों में कंबाईन-हारवेस्टर दिखाई देता है तो उसे समृद्धि और विकास का प्रतीक मानते हैं जबकि हकीकत में इसके कई नुकसान सामने आ रहे हैं। इसके आने से जो रोजगार कटाई और थ्रेसिंग के रूप में मजदूरों को मिलता था उससे वे वंचित हो रहे हैं। कंबाईन -हारर्वेस्टर से कटाई के बाद जो ठंडल छूट जाते हैं उनमें आग लगाने से हरे-भरे पेड़ जल रहे हैं, भूमि की उर्वर को बनाने वाले सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो रहे हैं। जैव-विविधता खत्म हो रही है। खेती की लागत बढ़ रही हैं। आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। एक बड़ा असर धरती के गरम होने का भी हैं। कार्बन गैसों के उत्सर्जन से यह खतरा जुड़ा है। इस समय देष-दुनिया में जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है, इसके बावजूद ऐसी मषीनों के उपयोग पर सावधानी नहीं बरती जा रही है।

हाल ही में खेतों धान की कटाई हुई है। मजदूरों की जगह अब कंबाईन हार्वेस्टर से कटाई की जाने लगी है। कटाई के बाद फसलों के ठंडलों को आग लगाई जा रही है। एक तो खड़ी फसलें जल रही है, खेतों और सड़क के किनारे लगे हरे-भरे पेड़ जल रहे हैं। इनमें से कई तो बरसों पुराने पेड़ हैं। इससे खेतों की हरियाली खत्म हो रही है। खेत भी जले-भुने ऊष्मषान की तरह लगने लगे हैं। जबकि खेतों का सौंदर्य देखते ही बनता था। हरे-भरे पेड़-पौधे मन को मोह लेते थे। फसलों के ठंडल जलाने से भूमि को उर्वर बनाने वाले सूक्ष्म जीवाणु व जीव-जंतु नष्ट हो रहे हैं और भू-जल पर भी असर हो रहा है। जैव विविधता की दृष्टि से यह बहुत बड़ा नुकसान माना जा सकता है। जबकि पहले हाथ से कटाई होती थी तो छोटे ठंडल बचते थे जो खेत की मिट्टी में मिलकर जैविक खाद बनाते थे।

ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब कटाई के समय भूमिहीन मजदूरों को इससे बहुत रोजगार मिलता था। अब वे बेरोजगार हो गए है और उनके भूखे मरने की नौबत आ गई हैं।

मुझे याद है मेरे पिता धान कटाई के समय अस्थायी रूप से खेत में रहते थे। उनका डेरा वहीं रहता था। वहीं वे धान कटाई करते थे, उसे एक जगह एकत्र करते थे। खेत में ही खलिहान बनाते थे। और बैलों से दाबन करते थे। दाबन यानी धान के ठंडल से दाना निकालने के लिए उस पर बैलों को गोल-गोल घुमाया जाता था। जिससे धान की बालियों से दाना झर जाता था और ठंडल अलग हो जाता था। बाद में अनाज को बोरियों में भरकर घर ले जाया जाता था। और ठंडल, जो पशुओं के चरने के काम आता था। बाद में पशुओं के गोबर से जैव खाद तैयार होती थी। यह चक्र बना रहता था। यानी उस समय ठंडलों को जलाना नहीं पड़ता था। खेती भी श्रम आधारित होती थी।

खेती और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। गाय का गोबर खाद से खेत को उपजाऊ बनाते थे और उसके बछड़ों से खेत की जुताई की जाती थी। ट्रेक्टर और कंबाईन हारवेस्टर के खेत में आने से पषु ऊर्जा को खेती से अलग कर दिया गया है। अब खेत में बैल से जुताई नहीं, ट्रेक्टर से की जा रही है। अब गोबर खाद नहीं, हरित क्रांति के संकर बीजों के साथ आए रासायनिक खादों का इस्तेमाल हो रहा है। इससे हमारी भूमि का उपजाऊपन खत्म होता जा रहा है। भूमि को उर्वर बनाने वाले सूक्ष्म जीव व निस्वार्थ भाव से काम करने वाले केंचुए खत्म हो रहे है।

रासायनिक खादों के इस्तेमाल से किसानों के मित्र कीट-पतंगें, पक्षियों व अन्य जीव भी मारे जा रहे हैं। जिससे मिट्टी की उर्वरता नहीं बढ़ पा रही है। किसान बताते हैं कि ट्रेक्टरों की जुताई से मिट्टी सख्त हो रही है। जबकि फसल के लिए खेतों की मिट्टी पोली, भुरभुरी और नरम होना जरूरी है।

खेतों में ट्रेक्टर व कंबाईन हारवेस्टर आने से खेती में निर्भरता बढ़ गई। पहले किसान अधिकांष काम खुद करता था। शुरू में तो फावड़ा-कुदाली चलाकर खेती में मेहनत करता। उसे खेती के सभी तरह के कामों की जानकारी थी। हल-बक्खर कितनी गहराई पर चलाना है, खेत को कैसे तैयार करना है, बीज कब बोना है, पानी कब देना है, निंदाई-गुड़ाई कब करना है, कटाई कब करना है, उसे सब मालूम था। संकर बीजों के साथ नया कृषि ज्ञान आया है, जिससे वह अनजान है।

कुछ किसान कहते हैं कि कटाई के समय मजदूर नहीं मिलते, इसलिए हारवेस्टर से कटाई करवाना जरूरी है। लेकिन मजदूरों का कहना है कि अगर उन्हें उचित मजदूरी दी जाए तो मजदूरों की कमी नहीं है। गांव से शहरों की ओर लगातार पलायन हो रहा है दूसरी तरफ गांव में मजदूर नहीं मिलने की बात समझ से परे है। अब उसकी खेती स्वावलंबी की जगह परावलंबी हो गई है। जिसमें हर चीज के लिए उसकी निर्भरता बढ़ती चली जा रही है। ट्रेक्टर के लिए ईंधन और ट्रेक्टर मरम्मत के लिए वह शहरों पर निर्भर हो गया। अगर कभी बिगड़ जाता है तब भी मरम्मत। इससे हो यह रहा है कि छोटे किसानों के लिए खेती करना मुश्किल होता जा रहा है, उनकी जमीन छिनती जा रही है। यानी कु ल मिलाकर ऐसी मशीनों का उपयोग किसी भी दृष्टि से उपयोगी नहीं है। न रोजगार की दृष्टि से, न भूमि के उपजाऊपन की दृष्टि से और न खर्च की दृष्टि से और न ही जलवायु की दृष्टि से। खरपतवारनाशकों ने उपयोग ने भी मजदूर और महिलाओं की रोजी-रोटी छीन ली है।

## चलने की गति से मेटाबॉलिक डिजीज संबंधी बीमारियों को रोका जा सकता है : शोध

**नई दिल्ली।** एक शोध में यह बात सामने आई है कि चलने की गति से यह पता लगाया जा सकता है कि किसी व्यक्ति को मोटापे के कारण कोई स्वास्थ्य समस्या तो नहीं है। साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि तेज गति से चलने से मोटे लोगों में मेटाबॉलिक डिजीज संबंधी बीमारियों को रोका जा सकता है। यह गतिशीलता बढ़ाने में मदद करने के साथ खराब स्वास्थ्य का संकेत भी दे सकता है। पिछले अध्ययनों ने सुझाव दिया है कि धीमी गति से चलने से हृदय संबंधी बीमारियों के विकास और बुजुर्गों में मृत्यु दर के जोखिम में वृद्धि होती है। जापान में दोशीशा विश्वविद्यालय के शोधकताओं द्वारा किए गए अध्ययन ने मोटापे से ग्रस्त व्यक्तियों में चलने की गति और चयापचय रोग (मेटाबॉलिक डिजीज) के बीच संबंध का पता लगाया। निष्कर्ष बताते हैं कि यह आकलन करना कि कोई व्यक्ति अपने साथियों की तुलना में अपनी चलने की गति को कैसे समझता है। यह स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन सकता है। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कोजिरो इशी ने कहा, इस शोध ने स्पष्ट किया कि मोटापे से ग्रस्त चयापचय संबंधी बीमारियों से घिरा व्यक्ति अगर अपनी चलने के गति तेज रखता है तो उसमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह और डिस्लिपिडेमिया की संभावना कम होती है। अध्ययन के अनुसार, जो व्यक्ति तेजी से चलते हैं वे अधिक फिट हो सकते हैं और उनमें चयापचय रोगों का जोखिम कम होता है। टीम ने बताया कि तेज चलने से हृदय-श्वसन तंत्र सही रहता है।

# अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र दृष्टिकोण में, न कि नाम जपने में

**-प्रियंका सौरभ**

बाबासाहेब अम्बेडकर की विरासत पर चल रहा राजनीतिक विवाद, इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे राजनेता, विशेष रूप से प्रमुख जातियों के, जाति-आधारित भेदभाव को सम्बोधित किए बिना इसका शोषण करते हैं। यह इस बात पर जोर देता है कि केवल पहचान के लिए नहीं, बल्कि सम्मान, समानता और अवसरों के लिए लड़ते हैं और राष्ट्र के लिए अम्बेडकर के दृष्टिकोण पर जोर देते हैं। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अम्बेडकर के समर्थकों द्वारा "ईश्वर की गलत खोज" के बारे में हाल ही में की गई टिप्पणियों ने आधुनिक भारत में जाति व्यवस्था की निरंतरता पर चचाओं को फिर से हवा दे दी है। इन टिप्पणियों ने इस बात पर बहस छेड़ दी है कि क्या वे जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ दशकों से चल रही सक्रियता को कमजोर करती हैं। बी.आर. अम्बेडकर के विचार और दृष्टिकोण अत्यधिक प्रासंगिक बने हुए हैं, जो न केवल शोषितों के लिए बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। अम्बेडकर के सिद्धांतों को चुनिंदा रूप से अपनाना और हाशिए पर पड़े समूहों से सम्बंधित मुद्दों पर अपर्याप्त ध्यान उनके मिशन के सार को कमजोर करता है। अम्बेडकर को देवता बनाने की प्रथा सामाजिक परिवर्तन और समुदाय को सशक्त बनाने में उनके अपार योगदान में निहित है।



राजनेता, जिनमें से अधिकांश प्रमुख जातियों से हैं, जातिगत भेदभाव को सम्बोधित किए बिना अंबेडकर की विरासत पर बहस कर रहे हैं। कांग्रेस ने ऐतिहासिक रूप से अंबेडकर की पहल का विरोध किया, आरक्षण और मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध किया। पार्टी ने जातिगत वास्तविकताओं को सम्बोधित करने के बजाय शोषितों को एक गरीब वर्ग ("गरीब जनता") के रूप में माना। बजट आवंटन के बावजूद शोषितों को अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जो 50-60 साल पहले की तरह ही है। अंबेडकर की विरासत पर संसद की बहस प्रमुख जाति के राजनेताओं के बीच जातिगत प्रवचन की सतहीता को उजागर करती है। बुलंद बयानबाजी के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव प्रणालीगत बना हुआ है, जिसका सबूत शोषितों के खिलाफ हिंसा जैसी चल रही घटनाओं से मिलता है। शोषितों के मुद्दों को उठाने में इंडिया ब्लॉक की तीव्रता हाशिए पर पड़े समूहों के संघर्षों की वास्तविक समझ की कमी के विपरीत है। सरकार ने महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जैसी पहल की है। इसने अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के लिए पंच तीर्थ स्थलों का निर्माण करके शोषितों की गरिमा पर जोर दिया। ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य शोषितों सहित हाशिए पर पड़े समूहों को सशक्त बनाना है। हाल के वर्षों में भाजपा में शोषितों का प्रतिनिधित्व काफी बढ़ा है। इन प्रयासों के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव जारी है, जिसमें व्यक्ति पर पेशाब करने जैसी घटनाएँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल, जैसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम और पंच तीर्थ स्थलों का उद्देश्य शोषितों के सम्मान और विमर्श को ऊपर उठाना है। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं को अभूतपूर्व रूप से शामिल किया है।

अंबेडकर के विचार शोषितों से परे हैं, जो सभी हाशिए पर पड़े समूहों के लिए भेदभाव और असमानता का समाधान प्रस्तुत करते हैं। ध्यान अस्तित्व से हटकर समान अवसर और शासन और प्रशासन में प्रतिनिधित्व की आकांक्षाओं पर केंद्रित हो गया है। अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को अपनाने में निहित है, न कि केवल उनका नाम जपने या उनकी छवि का आह्वान करने में। बाबासाहेब अंबेडकर एक पूजनीय व्यक्ति बने हुए हैं, जो शोषितों की सम्मान और समानता की आकांक्षाओं के केंद्र में हैं। उनकी विरासत शोषितों से आगे तक फैली हुई है, जो भेदभाव और राष्ट्र निर्माण पर व्यापक चचाओं को प्रभावित करती है। केवल पहचान की राजनीति से परे समान अवसर, शासन में समानता और अपनी आकांक्षाओं के लिए सम्मान चाहते हैं। उनका संघर्ष आकांक्षा और राष्ट्रीय समावेशिता के व्यापक विषयों को शामिल करता है। पहचान के संकट से नहीं जूझ रहे हैं; उनका संघर्ष सम्मान, मान्यता, अवसर और समानता पर केंद्रित है। अंबेडकर से लेकर कांशीराम, मायावती और रामविलास पासवान जैसे नेताओं तक, आंदोलन लचीलेपन और आकांक्षाओं की विरासत पर आधारित है। दशकों से तुष्टिकरण की राजनीति ने शोषितों को वंचित रखा है, कुछ लाभ प्रदान किए हैं जबकि समानता की उनकी आकांक्षाओं को दबा दिया है।

अंबेडकर की विरासत पर बहस आधुनिक भारत में जातिगत भेदभाव की निरंतरता को रेखांकित करती है। जाति मानव समानता और सम्मान के साथ सबसे महत्त्वपूर्ण विश्वासघात बनी हुई है, जो सच्ची सामाजिक प्रगति में बाधा डालती है। जाति-आधारित पूर्वाग्रहों को चुनौती देने और समुदायों में आपसी सम्मान को बढ़ावा देने के लिए अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करें। भेदभाव विरोधी कानूनों को लागू करें और जाति-आधारित हिंसा और असमानता के लिए कठोर दंड का प्रावधान करें। शोषितों और अन्य हाशिए के समूहों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसरों तक पहुँच का विस्तार करें। सामूहिक गौरव को प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर अंबेडकर जैसे नेताओं के योगदान को पहचानें और उनका सम्मान करें। शिकायतों को दूर करने और विश्वास बनाने के लिए समुदायों के बीच खुली चर्चा की सुविधा प्रदान करें। राजनीतिक नेताओं से विभाजनकारी बयानबाजी से बचने और सामाजिक न्याय के लिए नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करें। समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए शासन, शिक्षा और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में शोषितों का प्रतिनिधित्व बढ़ाएँ। हाशिए के समुदायों के भीतर समानता और सम्मान की वकालत करने वाली स्थानीय पहलों का समर्थन करें।

# क्या फिर होगा उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा तबला वादक

**डॉ० आर.के. सिन्हा**

उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से सारा देश और उनके सारे संसार में रहने वाले प्रशंसक उदास हैं।

अभी कल ही तो अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सानफ्रांसिस्को शहर के एक कब्रिस्तान में उनके मृत शरीर को ह्लसुपुर्दे खाकह्व कर दिया गया ।भरे मन से विश्व भर के सैकड़ों प्रसंशक उस्ताद जाकिर को मिट्टी देने पहुँचे । उनके प्रशंसकों का तो यही कहना है कि उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा? यह तो भविष्य ही बताएगा? परंतु, अब उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां वाकई में सबको याद आएंगी। ये युगलबंदियाँ वाकई कमाल की होती थीं।मैंने तो अपने युवावस्था में पड़ना के गर्दनीबाग मैदान में दशकों तक हर वर्ष दुगार्पूजा के अवसर पर इन महान कलाकारों के आयोजनकताओं में एक रहा हूँ और इनसभी के संघर्ष के दिनों को करीबी से देखा है ।

क्या उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा? यह कहना तो सही नहीं होगा कि उनके जैसा कोई और नहीं होगा। संगीत एक ऐसी चीज है जो हमेशा अपने ढंग से विकसित होती ही रहती है। हो सकता है कि भविष्य में कोई ऐसा तबला वादक भी आए जो अपनी प्रतिभा और मेहनत से जाकिर हुसैन की याद दिला दे।लेकिन ,अभी के लिए, यह कहना सही ही होगा कि उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा तबला वादक फिर से पैदा होना मुश्किल होगा । वे एक अद्वितीय और महान कलाकार थे। अब उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां वाकई में याद आएंगी। वह कमाल की होती थीं। इन दिग्गजों का साथ-साथ मंच पर आना ही अपने आप में एक अद्भुत अनुभव होता था। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले के उस्ताद थे, और उनकी लयकारी का कोई मुकाबला नहीं था। पंडित शिव कुमार शर्मा संतूर बजाते थे, जो एक मधुर और अद्वितीय वाद्य है। पंडित हरि प्रसाद चौरसिया बांसुरी के जादूगर है, और उनकी बांसुरी की धुनें मन को मोह लेती हैं। जब ये मंच पर आते, तो लय, ताल और मधुरता का एक अद्भुत संगम होता था। इन कलाकारों के बीच एक अद्भुत सामंजस्य भी था। वे एक-दूसरे की कला का सम्मान करते और एक-दूसरे के साथ संवाद करते हुए संगीत बनाते। उनकी जुगलबंदी सिर्फ एक साथ बजाना मात्र नहीं थी, बल्कि एक-दूसरे के साथ संगीत की एक महान यात्रा पर निकलना जैसा था।



इनकी जुगलबंदियों में भावनात्मक गहराई भी होती थी। वे अपने संगीत के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करते थे, और श्रोता भी उनसे जुड़ जाते थे। उनके संगीत में खुशी, गम, प्यार, और शांति जैसे विभिन्न भावों का अनुभव होता था। इन तीनों कलाकारों की जुगलबंदियां भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक अनमोल विरासत के रूप में याद रखी जाएँगी ।

उन्होंने दुनिया भर में भारतीय संगीत को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी जुगलबंदियां भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में हमेशा याद रखी जाएंगी। मेरा मानना है कि उस्ताद जाकिर हुसैन और पंडित शिवकुमार शर्मा की जुगलबंदी भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में एक अद्भुत और अद्वितीय घटना थी। दोनों ही अपने-अपने वाद्य यंत्रों के महारथी थे। जब ये दोनों मंच पर एक साथ आते थे, तो एक ऐसा जादुई माहौल बन जाता था जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता था। जाकिर हुसैन की तबले की थाप और शिवकुमार शर्मा के संतूर की मधुर ध्वनियाँ एक साथ मिलकर एक ऐसा लयबद्ध मिश्रण बनाती थीं , जो सुनने में बेहद सुखद होता था। दोनों कलाकार एक-दूसरे की लय को अच्छी तरह समझते भी थे और उसके साथ तालमेल बिठाते हुए संगीत को एक नई ऊँचाई पर ले जाते थे। उनकी जुगलबंदी केवल संगीत नहीं थी, बल्कि एक आत्मिक संवाद थी। ऐसा लगता था जैसे दोनों कलाकार अपने-अपने वाद्य यंत्रों के माध्यम से एक-दूसरे से बातें कर रहे हों। कभी तबले की तेज गति संतूर की मधुर तान के साथ बात करती थी, तो कभी संतूर की धीमी लय तबले की जोरदार थाप के साथ संवाद करती थी। उनकी जुगलबंदी में भावनाओं की गहराई होती थी। वे अपने संगीत के माध्यम से श्रोताओं को एक अलग ही भावनात्मक या यूँ कहें कि आध्यात्मिक दुनिया में ले जाते थे।दोनों कलाकार अपने-अपने वाद्य यंत्रों के उस्ताद थे और उनकी कलात्मकता का कोई जवाब नहीं था। जाकिर हुसैन की उंगलियां तबले पर ऐसे थिरकती थीं जैसे कोई जादू कर रही हों, और शिवकुमार शर्मा अपने संतूर से ऐसे मीठे स्वर निकालते थे , जो सीधे दिल को छू जाते थे। जाकिर हुसैन की लय और ताल पर गजब की पकड़ थी। वे मुश्किल से मुश्किल तालों को भी आसानी से बजा लेते थे। वह तबला बजाते समय नए-नए प्रयोग करते रहते थे, जिससे उनकी प्रस्तुति हमेशा ताजा और दिलचस्प लगती थी। जाकिर हुसैन के तबले की धुन में एक अलग ही भावना होती थी, जो सुनने वाले को छू जाती थी। जाकिर हुसैन ने तबला वादन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने दुनिया भर के कई कलाकारों के साथ काम किया और तबले को एक वैश्विक वाद्य यंत्र बनाया। पंजाब घराने से संबंध ?खने वाले जाकिर हुसैन अपनी जटिल और बारीक लयकारी के लिए जाने जाते थे । वे मुश्किल तालों को भी सहजता से बजाते। उनकी लय में एक अद्भुत प्रवाह होता, जो संगीत को जीवंत और गतिशील बनाता । वे अपनी उंगलियों को तबले पर इस तरह चलाते जैसे कोई जादू कर रहे हों।ह्ल जाकिर हुसैन हमेशा नई-नई लय और तालों का प्रयोग करते रहते, जिससे उनका संगीत हमेशा नया और रोमांचक लगता। मैंने जाकिर हुसैन के कार्यक्रमों को दिल्ली और पटना में अनेकों बार निकटता से देखा है । वे हर बार छा जाते थे। उनके तबले से निकलने वाली हर ध्वनि स्पष्ट और सटीक होती थी । वे तबले के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग तरह की आवाजें निकालने में माहिर थे। उनकी उंगलियां तबले पर इतनी तेजी से चलती थीं कि देखने वाले भी हैरान रह जाते । वे अपनी अंगुलियों से विभिन्न तरह के बोल और लय बजाते।

वह तबले के साथ संवाद करते हुए महसूस होते । इस तरह से लगता था कि मानो उनकी उंगलियां तबले से जैसे कोई

## मानवता और योग को सदैव समर्पित रहे स्वामी सत्यानंद

**(कुमार कृष्णन-विनायक फीचर्स)**

स्वामी सत्यानंद सरस्वती देश के ऐसे संत हुए, जिन्होंने न सिर्फ योग को पूरी दुनिया में फैलाया बल्कि सामाजिक चिंतन के जरिए विकास के आधुनिक मॉडल को पेश किया। वे विशुद्ध आत्मभाव से प्रेरित एवं 'लोकाः समस्ताः सुखिनो भवन्तु' के दिव्य भाव से संचालित थे। उनका वेदान्त शास्त्रीय अथवा किताबी नहीं , बिल्कुल व्यवहारिक, प्रयोगात्मक, उपयोगी एवं मानवतावादी है। उनका मानवतावाद आत्मभाव पर आधारित है। इसे उन्होंने आर्थिक, सामाजिक परिवर्तन की एक सशक्त विचारधारा, उत्तम साधन एवं सर्वोपयोगी उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया। स्वामी सत्यानंद का योग जहां व्यक्तित्व के शोधन-शुद्धिकरण-परिष्कार, उन्नयन- उत्थान विकास तथा ईश्वरीकरण की दिशा निश्चित करता है,तो उनका क्रांति दर्शन सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के सिद्धांत का प्रतिपादन एवं उसके क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करता है। स्वामी सत्यानंद के अनुसार-' योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की एक सुव्यवस्थित प्रणाली है। योग दर्शन के अनुसार- मानव तीन आधारभूत तत्वों- जीवनी शक्ति या प्राण, मानसिक चित्त शक्ति या चित्त और आध्यात्मिक शक्ति या आत्मा का सम्मिश्रण है।' स्वामी सत्यानंदजी के जीवन प्रवाह में भी हम पाते हैं कि पढ़- लिख कर भरे-पूरे परिवार से आने वाला एक 20 वर्षीय युवक अध्यात्म की राह पर चल पड़ता है। गुरु सेवा में लीन होने के बाद यह युवक नचिकेता सा वैराग्य प्राप्त कर 12 वर्षों बाद एक परिव्राजक के रूप में देश दुनिया में योग के प्रसार में लग जाता है। याद करें 1960 के दशक में योग के बारे में यह भ्रामक धारणा प्रचलित थी कि यह साधु सन्यासियों का विषय है,गृहस्थों और महिलाओं को योग नहीं करना चाहिए। ऐसे समय में स्वामी सत्यानंद ने योग की उपयोगिता सिद्ध की। आज जहां मुंगेर में विश्व प्रसिद्ध बिहार योग विद्यालय है, वह स्थान कर्णचौरा के नाम से जाना जाता था। किंवदन्ती के अनुसार राजा कर्ण इसी चबूतरे पर बैठकर प्रतिदिन सवा मन सोना दान करते थे। उसी चबूतरे पर स्वामी जी को कई दिव्य अनुभव हुए। उन्होंने यहीं पर बैठकर संकल्प लिया कि जहां राजा कर्ण बैठकर सोना दान करते थे, वहां से मैं विश्व को शांति बांटूंगा और योग को भविष्य की संस्कृति के रूप में विकसित करूंगा। उन्होंने दुनिया के कई देशों में लाखों लोगों को भारत भूमि की प्राचीन योग विद्या से परिचित कराया, जिसका परिणाम है कि आज संयुक्त राष्ट्र ने योग को आधिकारिक मान्यता दी है। मुंगेर का गंगा दर्शन, पादुका दर्शन और देवघर के रिखियापीठ को देख यही भाव मन में आता होगा कि परमहंस स्वामी सत्यानंद का जीवन वैभवपूर्ण रहा होगा, लेकिन स्वामी सत्यानंद ने अभावपूर्ण, कष्ट और विपन्नता का जीवन जीते हुए पुनः मानवता को योग की संस्कृति देने का स्वप्न साकार किया।

उन्होंने 1988 में मुंगेर त्यागने के बाद पुनः 1991 में रिखियापीठ आकर रिखिया के स्थानीय लोगों के शैक्षिक - सामाजिक -आर्थिक उत्थान का बीड़ा उठाया। एक ऐसी आर्थिक -सामाजिक व्यवस्था जो धारित विकास के मूल्यों का मॉडल विश्व के समक्ष प्रस्तुत करता हो। आत्मिक विकास के साथ -साथ आर्थिक स्वावलंबन के उनके प्रयास को वैश्विक अर्थव्यवस्था और ग्लोबल विलेज के परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में 25 दिसंबर 1923 को जन्मे स्वामी सत्यानंद सरस्वती इस शताब्दी के महानतम संतों में से एक हैं, जिन्होंने समाज के हर क्षेत्र में योग को समाविष्ट कर, सभी वर्गों, राष्ट्रों और धर्मों के लोगों का आध्यात्मिक उत्थान सुनिश्चित कर दिया।

योग का शाब्दिक तात्पर्य है जोड़ना। परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती ने योग का वैज्ञानिक रूप में पुनर्जीवन किया । योग ने पूरी दुनिया को एक सूत्र में जोड़ कर रखा है।आज पूरब से लेकर पश्चिम तक जिस योगलहर में योगस्नान कर रहा है उसके मूल में स्वामी सत्यानंद सरस्वती का कर्म और उनके गुरु स्वामी शिवानंद सरस्वती का वह आदेश है जो उन्होंने सत्यानंद को दिया था। गुरु के आदेशानुसार उनके जीवन का एक ही लक्ष्य था-योगविद्या का प्रचार-प्रसार, द्वारे-द्वारे तीरे-तीरे। दरअसल इस शताब्दी में योग की कहानी 1940 के दशक से आरंभ होती है। उस समय तक लोग योग से अनजान थे। योग का अस्तित्व था तो केवल त्यागियों वैरागियों और साधु सन्यासियों के लिए। 1943 में स्वामी शिवानंद सरस्वती ने ऋषिकेश में शिवानंद आश्रम की स्थापना की। उन्होंने दिव्य जीवन का ज्ञान और अनुभव प्रदान करने के लिए दो विधियों का उपयोग किया योग और वेदांत।

स्वामी शिवानंद के साथ वे निरंतर रहे। परिव्राजक के रूप में बिहार यात्रा के क्रम में छपरा के बाद 1956 में पहली बार मुंगेर आये।

# पीएम मोदी ने कुवैत में गल्फ स्पिक लेबर कैंप का किया दौरा, भारतीय श्रमिकों से की बातचीत

एजेंसी
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत में एक श्रमिक शिविर का दौरा किया। पीएम मोदी मीना अब्दुल्ला क्षेत्र में गल्फ स्पिक लेबर कैंप पहुंचे, जिसमें लगभग 1,500 भारतीय नागरिक काम करते हैं। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों से आए भारतीय श्रमिकों से बातचीत की, उनका हालचाल पूछा और गल्फ स्पिक लेबर कैंप में नाश्ते के समय उनमें से कुछ के साथ एक मेज पर बैठे। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी की ओर से गल्फ स्पिक लेबर कैंप का दौरा विदेशों में भारतीय श्रमिकों के कल्याण के लिए दिए गए महत्व का प्रतीक है। पिछले



कुछ वर्षों में भारत सरकार ने विदेशों में भारतीय कामगारों के कल्याण के लिए ई-माइग्रेट पोर्टल, मदद पोर्टल और उन्नत प्रवासी भारतीय बीमा योजना जैसी कई पहल की हैं। विदेश मंत्रालय ने कार्यक्रम की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, ÷ पीएम मोदी ने भारतीय कामगारों से बातचीत की और उनका हालचाल पूछा। प्रधानमंत्री का दिन का पहला कार्यक्रम यह दर्शाता है कि भारत विदेशों में भारतीय कामगारों के कल्याण को कितना महत्व देता है। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने शेख साद अल अब्दुल्ला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हला मोदी सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री मोदी का विदेशों में भारतीय कामगारों से जुड़ने का पुराना इतिहास रहा है। साल 2016 में उन्होंने सऊदी अरब के रियाद में एलएंडटी के कामगारों के आवासीय परिसर और रियाद में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के ऑल वूमेन आईटी सेंटर का दौरा किया था। उसी साल उन्होंने कतर के दोहा में एक कामगार शिविर का दौरा किया था। साल 2015 में उन्होंने अबू धाबी में एक श्रमिक शिविर की यात्रा के दौरान प्रवासी कामगारों के कल्याण पर चिंताओं को संबोधित किया था। कुवैत में भारतीय समुदाय सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। कुवैत की कुल आबादी में भारतीय 21 प्रतिशत (1 मिलियन) हैं।

# राजस्थान में मृत सारस में बर्ड फ्लू वायरस मिला, पक्षियों की अन्य प्रजातियों पर भी संकट

एजेंसी
**जयपुर ।** राजस्थान के फलोदी जिले में बर्ड फ्लू फैल चुका है। जिले के खीचन गांव में मृत पाई गई कुरजां में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई है। विसरा के सैंपल 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनीमल डिजीज लैब में भेजे गए थे।

जांच रिपोर्ट में वायरस की पुष्टि हुई है। वायरस की पुष्टि ने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के भीतर चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि यह वायरस अन्य पक्षी प्रजातियों के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। अब तक खीचन क्षेत्र में संक्रमण के कारण सात सारसों की मौत हो चुकी है। कलेक्टर एचएल अटल ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। पशुपालन, वन, पुलिस, उद्योग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त बैठक बुलाई गई, जिसमें अधिकारियों से निवारक उपाय लागू करने, जनता की सुरक्षा करने और बीमारी के प्रसार की निगरानी के लिए सर्वेक्षण करने का आग्रह किया गया। पशुपालन विभाग ने त्वरित प्रतिक्रिया टीम (रैपिड रिस्पांस टीम) का गठन किया है और वन विभाग ने निगरानी एवं सर्वेक्षण दल तैनात किए हैं। उन क्षेत्रों में सतर्क



निगरानी की जा रही है, जहां सारस आराम करते हैं और घूमते हैं। स्थानीय अधिकारियों ने भी लोगों से अपील की है कि वे सारसों के प्रवास वाले क्षेत्रों में जाने से बचें।

# तेलंगाना सीएम के बयान पर अल्लू अर्जुन ने कहा, 'यह चरित्र हनन'

एजेंसी
**हैदराबाद।** टॉलीवुड अभिनेता अल्लू अर्जुन ने बिना अनुमति के संध्या थिएटर जाने या रोड शो करने की बात से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने 'चरित्र हनन' से आहत हैं। अल्लू अर्जुन ने उनके एक कथित बयान को भी 'झूठा' करार दिया। साथ ही इन आरोपों को भी खारिज किया कि 4 दिसंबर को 'पुष्पा 2: द रूल' के प्रीमियर शो के दौरान हुई घटना में जान गंवाने वाली महिला और उसके घायल बेटे के परिवार की उन्होंने परवाह नहीं की।तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी द्वारा राज्य विधानसभा में दिए गए बयान के कुछ ही घंटे बाद भावुक अल्लू अर्जुन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। बयान में उन्होंने पुलिस की अनुमति न मिलने के



बावजूद थिएटर का दौरा करने, रोड शो करने, घटना की जानकारी मिलने के बाद भी थिएटर से बाहर न जाने और प्रभावित परिवार से न मिलने के लिए उन पर निशाना साधा था। अल्लू अर्जुन ने कहा, बहुत सारी गलत सूचनाएं, झूठे आरोप, बहुत सारी संवादहीनता है। बहुत सारी गलत व्याख्याएं हैं। मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा है। कृपया मुझे जज न करें। कृपया मेरे चरित्र पर हमला न करें। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं। उन्होंने कहा कि वे इस चरित्र हनन से बेहद अपमानित महसूस कर रहे हैं, लेकिन वे किसी व्यक्ति, नेता या सरकार को दोष नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इसमें किसी की गलती नहीं है। उन्होंने कहा कि वह 20 वर्षों से इस इंडस्ट्री में हैं और उनकी विश्वसनीयता अच्छी है, लेकिन उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि इसे रातों-रात नुकसान पहुंचाया गया।

## रायपुर के पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में लाखों की चोरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रायपुर के लाभांडी स्थित श्री पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर से बीती रात चोरों ने 10 लाख से अधिक के कलश, छत्र समेत अन्य आभूषणों को चुरा लिया। मंदिर में भगवान की मूर्ति को छोड़कर चोरों ने सबकुछ लेकर फरार हो गए हैं। कीमती कलश, छत्र समेत चोरों ने जैन मंदिर में मूलनायक का स्वर्ण पॉलिस छत्र, 05 पंचमेरू, 08 अष्टप्रिहार्य, चांदी की 02 बड़ी थाली, चांदी के 09 अभिषेक कलश, चांदी के 06 शांतिधारा झारी, एक स्वर्ण कलश, चार छत्र चांदी, दो चांदी भाली, तीन आशिका, 05 चांदी की छोटी प्लेट, एक चांदी का लोटा, चांदी की एक गुंडी, चांदी की एक बड़ी गंजी, चांदी की एक चम्मच और अन्य सामग्री चुरा लिये हैं।

# 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को लेकर जेपीसी की भूमिका अहम : पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह

एजेंसी
**जोधपुर।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह रविवार को एक कार्यक्रम में शिरकत करने जोधपुर पहुंचे। इस दौरान जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन पर अपने विचार रखे। जनरल वीके सिंह ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के विचार पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ है और इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में इस मुद्दे पर गहन मंथन किया गया था। इस विचार पर कार्य करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम किया गया है। जनरल वीके सिंह



ने आगे कहा कि अब एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित की गई है, जो इस विचार को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया पर विचार करेगी। यह समिति यह तय करेगी कि इसे कैसे लागू किया जा सकता है और किस प्रकार से इसे प्रारंभ किया जाएगा। इस पहल से भारतीय लोकतंत्र की प्रक्रिया को और भी सशक्त किया जा सकता है। आपको बताते चलें, 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक पर विचार के लिए संसद ने 39 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद पीपी चौधरी करेंगे। समिति के 39 सदस्यों में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, सपा, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो तथा शिवसेना, तेदेपा, जदयू, रालोद, लोजपा (रामविलास), जन सेना पार्टी, शिवसेना-यूबीटी, राकांपा-(सपा), माकपा, आप, बीजद और वाईएसआरसीपी के एक-एक सदस्य शामिल हैं। इससे पहले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने निचलने सदन में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा था।

# कश्मीर में जारी है कड़ाके की सर्दी, तापमान हिमांक बिंदु से नीचे रहा

एजेंसी
**श्रीनगर।** बादल छाए रहने और ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के अनुमान के बीच कश्मीर घाटी में रविवार को रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई, लेकिन यह शून्य से कई डिग्री नीचे रहा। श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटों में उत्तरी कश्मीर के कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना के साथ मुख्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार 26 दिसंबर तक मौसम ठंडा और शुष्क रहने के आसार हैं। वहीं, 27 और 28 दिसंबर के दौरान एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) आने की संभावना है, जिससे जम्मू के मैदानी इलाकों में हल्की बारिश और इस अवधि के



दौरान चिनाब घाटी तथा पीर पंजाल रेंज के ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 30 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा तथा नए साल की पूर्व संध्या पर कश्मीर घाटी में कुछ ऊंचे स्थानों पर बर्फबारी की संभावना है। कश्मीर घाटी में हाड़ कंपा देने वाली ठंड में कोई कमी नहीं आई है। यहां तक कि शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि के दौरान न्यूनतम तापमान में भी मामूली गिरावट देखी गई। यहां शून्य से 8.5 डिग्री सेल्सियस कम तापान किया गया था, जो 1974 के बाद सबसे ठंडी रात थी। वहीं, रविवार को श्रीनगर में माइनस 4.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। यह जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी के लिए मौसम की इस अवधि के दौरान औसत से 2.2 डिग्री सेल्सियस कम है। पहलगाम के पर्यटन स्थल पर रात के तापमान में काफी गिरावट आई और एक दिन पहले दर्ज किए गए शून्य से 8.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले यह 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस अवधि के दौरान दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के क्षेत्र के लिए सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

# 'राहुल ने बाउंसर की तरह बर्ताव किया'; संसद में धक्कामुक्की मामले में गिरिराज सिंह का दावा

एजेंसी
**देवास ।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में हुई धक्कामुक्की के दौरान बाउंसर की तरह बर्ताव किया। यह बात उन्हें खुद हाथापाई के दौरान घायल हुए भाजपा सांसदों प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत ने बताई है। उन्होंने कहा कि यह बहुत शर्मनाक है। दोनों भाजपा सांसद अब भी अस्वस्थ हैं। उनके स्वास्थ्य के बारे में डॉक्टर्स के अगले बुलेटिन का इंतजार है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुकेश राजपूत के सिर के पिछले हिस्से में सूजन है और प्रताप सारंगी को चक्कर आ रहा है। वे दोनों ठीक महसूस नहीं कर रहे हैं। अगला निर्णय डॉक्टर लेंगे। भाजपा सांसद प्रताप



सारंगी ने मुझसे कहा कि राहुल गांधी ने मेरे साथ बाउंसर की तरह व्यवहार किया। यह बहुत शर्मनाक है। वह जानबूझकर हाथापाई करना चाहते थे। दरअसल, गुरुवार को राहुल गांधी और विपक्षी गंठबंधन 'इंडिया' के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीआर आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से माफी और इस्तीफे की मांग की गई। इसी वक्त भाजपा सांसद भी कांग्रेस पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। उनका आरोप था कि विपक्ष शाह की छवि खराब करने के लिए दुष्प्रचार कर रहा है। इसी दौरान मकर द्वार के पास दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों के बीच हाथापाई हुई। इस दौरान दो भाजपा सांसद घायल हो गए। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत के सिर में चोटें आईं।

## बांदीपुरा में हथियार और गोला-बारूद के साथ आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

एजेंसी
**जम्मू।** कश्मीर के बांदीपोरा के नदिहाल इलाके में देर शाम आतंकियों के सहयोगी को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नदिहाल में पुलिस और सेना की 14RR के संयुक्त नाका के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया, जब उसे चुनौती दी गई तो उसने भागने की कोशिश की। हालांकि सुरक्षा बलों ने उसे पकड़ लिया। उसकी पहचान बांदीपोरा के गुंडपोरा रामपुरा निवासी अब्दुल गनी मलिक के बेटे शोएब वसीम अहमद मलिक के रूप में हुई है।

# गैस टैंकर हादसे के बाद जिला प्रशासन द्वारा एसएमएस अस्पताल में कैंप कार्यालय का संचालन




एजेंसी
**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में भांकरोटा के पास शुक्रवार को हुए गैस टैंकर हादसे को लेकर जिला प्रशासन संपूर्ण संवेदनशीलता बरतते हुए दुर्घटना पीड़ितों, घायलों के सर्वोत्तम उपचार एवं मृतकों के आश्रित परिजनों की सभी जरूरतों के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सवाई मानसिंह अस्पताल में कैंप कार्यालय संचालित किया जा रहा है। इस कैंप कार्यालय में 24 घंटे के दौरान तीन शिफ्टों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। कैंप कार्यालय की संपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए उपखंड अधिकारी जयपुर-दक्षिण अरुण शर्मा नोडल अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

# जालंधर में चार ड्रग तस्करों की 84.52 लाख की संपत्ति जब्त

एजेंसी
**जालंधर।** पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के चार मामलों में शामिल अपराधियों से जुड़ी 84,52,750 रुपए की संपत्ति को जब्त और फ्रीच कर लिया है।

नयी दिल्ली के सक्षम प्राधिकारी ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के बाद पिछले चार महीनों में इन संपत्तियों को जब्त करने की पुष्टि की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरकमल प्रीत सिंह खख ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पुलिस ने पिछले चार महीनों में सख्त कार्रवाई करते हुए आपराधिक तत्वों पर लगातार शिकंजा कसा है। उन्होंने कहा कि जब्त की गई संपत्तियां अब केंद्र सरकार के नाम पर हैं, और नीलामी सहित आगे की कानूनी कार्यवाही स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार की जाएगी। जब्त की गई संपत्तियों में कपूरथला निवासी हरीश कुमार उर्फ मोनू की मारुति स्विफ्ट डिजायर (जिसकी कीमत 3,50,000 रुपए है) को 15 मार्च, 2020 को शाहकोट थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जब्त किया गया था। एक अन्य मामले में, होशियारपुर निवासी लखवीर चंद के संबंध में 09 मरला का प्लॉट (जिसकी कीमत 52,00,000 रुपए है) को फ्रीज किया गया, जो 26 मई, 2020 को भोगपुर थाने में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है। इसी तरह, मेहतपुर निवासी प्रेम सिंह का 11 कनाल और एक मरला का प्लॉट फ्रीज किया गया है। इस संपत्ति, जिसकी कीमत 8,28,750 रुपए है, को 19 जुलाई, 2013 को मेहतपुर थाने में दर्ज एक एफआईआर से जोड़ा गया है। इसके अलावा, मकसूदां निवासी सोनू कुमार के पास 05 मरला का एक आवासीय , जिसकी कीमत 20,74,000 रुपए है, जिसे 16 सितंबर, 2005, 15 मार्च, 2009 और 19 सितंबर, 2008 को आदमपुर थाना और नूरमहल थाना में दर्ज एफआईआर के संबंध में फ्रीज किया गया है।

# रोजगार मेले में मोदी 71,000 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

एजेंसी
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भर्ती अभियान 'रोजगार मेला' में 71,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी युवाओं को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित भी करेंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी देश भर में एक साथ 45 जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुबह 10-30 बजे कार्यक्रम से जुड़ेंगे। यह नियुक्तियां गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में की गई हैं। पीएमओ के अनुसार, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की



प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में ये एक और कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।इससे पहले 29 अक्टूबर को, पीएम मोदी ने रोजगार मेले को संबोधित किया था और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए थे।

उस दौरान पीएम मोदी ने जॉब लेटर पाने वाले युवाओं से कहा कि आप जनता के सेवक हैं शासक नहीं इसलिए आप गरीबों-पिछड़ों की सेवा कीजिए। अगले 25 सालों में आप ही विकसित भारत बनाएंगे। लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला रोजगार मेला (29 अक्टूबर) था।रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। इसके तहत अब तक 13 मेलों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें साढ़े आठ लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। पहले समारोह के दौरान 75,000 से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे।भर्ती केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा स्वयं और यूपीएससी, एसएससी और रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जाती है। चयन प्रक्रिया को सरल और तकनीकी रूप से कुशल बताया जाता है।

# एनईसैक सोसाइटी के सकारात्मक पहलू नजर आने लगे हैं : शाह

एजेंसी
**इंदौर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा के अगरतला में पूर्वोत्तर अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र (एनईसैक) सोसाइटी की 12वीं बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि स्थापना के 25 वर्ष के बाद सोसाइटी के सकारात्मक पहलू नजर आने लगे हैं। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले



10 वर्षों में भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र ने नयी ऊंचाइयां हासिल की हैं। सोसाइटी की स्थापना के 25 साल बाद अब इसकी ओर से किये जा रहे कार्यों के सकारात्मक पहलू नजर आने लगे हैं । सोसाइटी को इन राज्यों में अपने काम के दायरे का और विस्तार करना चाहिए । इसके लिए राज्य सरकारों की तरफ से भी जरूरी पहल की जानी चाहिए ।

# टीबी मुक्त भारत के लिए प्रदेशभर में लगाए जा रहे हैं निःक्षय शिविर - भजनलाल शर्मा

एजेंसी
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में टीबी मुक्त भारत, 100 दिवसीय अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग के लिए निरंतर निःक्षय शिविरों का आयोजन कर रहा है। टीबी रोगियों को निःक्षय पोषण योजना का लाभ देने के साथ ही पौष्टिक आहार किट का वितरण



किया जा रहा है। नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में टीबी मुक्त, 100 दिवसीय अभियान पर बैठक आयोजित हुई। शर्मा मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस बैठक से जुड़े। उन्होंने कहा कि इस 100 दिवसीय अभियान को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अभियान में निःक्षय मित्रों द्वारा उपचाररत मरीजों को पोषण सुविधा उपलब्ध करवायी जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का संकल्प है। राजस्थान इस संकल्प को साकार करने में पूर्ण जिम्मेदारी से अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ भी उपस्थित रहे। - खासखबर नेटवर्कये भी पढ़ें - अपने राज्य / शहर की खबर अख़बार से पहले

## खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमले में 16 सैनिकों की मौत, आठ घायल

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सुरक्षा चेक पोस्ट पर हुए आतंकी हमले में 16 सैनिक मारे गए हैं जबकि हमले में आठ जवान घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार आतंकियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे दक्षिण वजीरिस्तान जिले के मकीन में लिटा सार चेक पोस्ट को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि यह हमला पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की तरफ से साररोघा इलाके में चलाए गए गुप्त अभियान की प्रतिक्रिया स्वरूप रहा। सुरक्षा बलों के इस अभियान में दो आतंकी मारे गए थे। बतादें कि इसी महीने बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग स्थानों पर आतंकी हमलों में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी। इसमें एक मामला डुकी जिले का था, जहां कोयला खदान के पास एक जांच चौकी पर आतंकी हमले में फ्रंटियर कोर के दो सैनिक मारे गए और तीन अन्य जवान घायल हुए थे। हमलावरों ने घंटों तक चले हमले के दौरान रॉकेट, ग्रेनेड और भारी हथियारों का इस्तेमाल किया था।

## ब्राजील में भीषण सड़क हादसा, बस में आग लगने से 38 लोगों की मौत

**ब्राजील।** ब्राजील में बस में आग लगने से एक भीषण हादसा हुआ। इस हादसे में बस सवार 38 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 13 लोग घायल बताए जा रहे हैं। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के राज्य मिनास गेरैस में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है, जबकि 13 अन्य घायल हैं। हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह हादसा सुबह टेओफिलो ओटोनी नगरपालिका में हुआ, जब ट्रक से ग्रेनाइट का एक बड़ा ब्लॉक सड़क पर गिर गया, जिससे बस विपरीत दिशा में जा रहे ट्रक से टकरा गई। वाहनों के टकराने के बाद बस में आग लग गई। संघीय राजमार्ग पुलिस के अनुसार, बस के पीछे जा रही कार ने उसमें टक्कर मार दी। पुलिस ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि अधिकांश मौत टक्कर के बाद बस में लगी आग के कारण हुई। टेओफिलो ओटोनी के अधिकारियों के अनुसार, कार सवार तीन लोगों सहित 13 घायल हो गए, जिनकी हालत गंभीर है।

## अमेरिकी-ब्रिटिश नौसेना ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमला किया, अपना ही विमान मार गिराया

**सना।** अमेरिकी-ब्रिटिश नौसेना गठबंधन ने तड़के यमन के होदेदाह में हूती ठिकानों पर हवाई हमला किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में होदेइदाह के अल-लुहय्याह क्षेत्र की एक साइट को निशाना बनाया गया, जिसमें आगे कोई विवरण नहीं दिया गया और न ही किसी के हताहत होने की सूचना दी गई। एजेंसी ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के हवाले से बताया कि गठबंधन ने कथित हमले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा कि शनिवार रात को सना में हूतियों के मिसाइल भंडारण फैसिलिटी और एक कमांड-एंड-कंट्रोल यूनिट पर सटीक हवाई हमले किए। बयान में कहा गया है कि कमांड बलों ने लाल सागर के ऊपर कई हूती के वन-वे अटैक ड्रोन और एक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल को भी मार गिराया। हवाई हमले हूतियों द्वारा मध्य इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले की जिम्मेदारी लेने के कुछ घंटों बाद हुए। तेल अवीव में हुए हमले में 20 इजरायली घायल हो गए थे। इस बीच, अमेरिकी सेना ने बताया कि नौसेना द्वारा यमन में हवाई हमले किए जाने के दौरान लाल सागर के ऊपर फ्रेंडली फायर में एक अमेरिकी एफ/ए-18 लड़ाकू विमान को गलती से मार गिराया गया। घटना के दौरान, दो अमेरिकी नौसेना पायलटों को गोली लगी। हालांकि, उन्हें बचा लिया गया, जबकि एक पायलट को मामूली चोट आई।


## इजरायल ने गाजा पर फिर बरसाए बम, 9 की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी पर इजरायली गोलाबारी में नौ लोग मारे गए हैं। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने शनिवार की सुबह अल-शती शरणार्थी शिविर के पश्चिम में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाया। बसल ने सिन्हुआ को बताया कि हमले में सात लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए, जिन्हें गाजा सिटी के बैपटिस्ट अस्पताल ले जाया गया। बसल के अनुसार, मध्य गाजा में अल-तामिन स्कूल के निकट एक घर पर भी बम बरसाए गए। यहां से बाद में चिकित्साकर्मियों को एक शव और कई घायल मिले। इस बीच, समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, दक्षिणी गाजा के राफा में चिकित्सकों ने बताया कि शहर के उत्तर में खिरबेट अल-अदस इलाके में एक इजरायली ड्रोन द्वारा एक फिलिस्तीनी की हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली सेना सुबह से ही राफा के पूर्व में अल-जनीना इलाके में आवासीय इमारतों को उड़ा रही है। हालांकि इजरायली सेना ने इन घटनाओं पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उत्तरी गाजा के बेत लाहिया स्थित कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक हुसैन अबू सफिया ने भी अस्पताल के अंदर की स्थिति की गंभीरता के बारे में चेतावनी दी।

## अरब देश से नेपाल लौटे एक व्यक्ति में मंकीपॉक्स का संक्रमण दिखा, देशभर में अलर्ट जारी

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में मंकीपॉक्स का नया मामला सामने आया है। सऊदी अरब से लौटे तनहु जिले के एक 36 वर्षीय व्यक्ति की आई जांच रिपोर्ट में यह घातक बीमारी होने की पुष्टि हुई है। इसके साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने देशभर में अलर्ट जारी कर दिया है। नेपाल स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता डॉ यदुचंद्र घिमिरे ने कहा कि गुरुवार को एकत्रित किए गए नमूनों में से एक व्यक्ति में मंकीपॉक्स का सकारात्मक रिपोर्ट मिला है। स्वास्थ्य विभाग ने पिछले साल जून में भी देश का पहला मंकीपॉक्स रोगी के बारे में पता लगा था। करीब एक वर्ष बाद यह दूसरा मामला मिला है। उस समय एक 60 वर्षीय विदेशी नागरिक के परीक्षण में मंकी पॉक्स होने की पुष्टि हुई थी। मंकीपॉक्स एक दुर्लभ बीमारी है जो बंदर के वायरस के संक्रमण के कारण होती है और 10 संक्रमित व्यक्तियों में से एक मर सकता है। मध्य और पश्चिम अफ्रीका के दूरदराज के हिस्सों में सबसे आम, अब कम से कम 122




देशों में फैला यह बीमारी नेपाल में भी दिखी है। इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, सूजन, शरीर में दर्द, थकावट और चेहरे, हाथों और पैरों पर खुजली वाले चकत्ते शामिल हैं।

यह बीमारी मुख्य रूप से व्यक्ति-से-व्यक्ति संपर्क के माध्यम से फैलती है इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने इससे बचने के लिए इससे ग्रसित व्यक्ति को आइसोलेशन में रखने का निर्देश दिया गया है। अब स्वास्थ्य विभाग उन सभी व्यक्तियों की पहचान कर रहा है जो पिछले तीन दिनों में इस संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही यह दुर्लभ वायरल संक्रमण आमतौर पर हल्का होता है और अधिकांश लोग हफ्तों के भीतर ठीक हो जाते हैं, लेकिन फिर भी जोखिम को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। उनका कहना है कि सावधानियां अपनानी चाहिए क्योंकि यह व्यक्ति व्यक्ति के बीच के संपर्क से तेजी से फैलता है। मंकीपॉक्स दशकों से अफ्रीका के कुछ हिस्सों में सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या रही है। मई 2022 के बाद यह बीमारी उस वक्त व्यापक ध्यान में आई, जब अफ्रीका के बाहर के देशों ने नए मामलों की रिपोर्ट की। तब से यह बीमारी वैश्विक स्तर पर फैल गया है। 122 देशों के एक लाख से अधिक लोग पहले ही इस बीमारी के लिए पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। भारत में 2022 के बाद से कम से कम 30 संक्रमण दर्ज किए गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने टेनिस फैलने वाले इस बीमारी से संक्रमित व्यक्ति के मिलने के बाद देशभर में हेल्थ अलर्ट जारी कर दिया है। अरब देशों और अफ्रीकी देशों से विमान से आने वाले यात्रियों की सघन जांच करने के भी आदेश दिए गए हैं। भारतीय सीमा से सटे इलाके में भी तीसरे देश से आने वाले व्यक्तियों की जांच को अनिवार्य बनाया गया है।

## क्रिसमस बाजार हमले में घायल लोगों में 7 भारतीय भी, नागरिकों के संपर्क में दूतावास

एजेंसी

**बर्लिन।** जर्मनी के एक शहर मैगडेबर्ग में बेकाबू कार के हमले में घायल हुए लोगों में सात भारतीय नागरिक भी हैं। भारतीय नागरिकों को गंभीर चोटें नहीं आई हैं और प्राथमिक इलाज के बाद इन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। भारतीय दूतावास ने कहा है कि वो घायल हुए सभी लोगों के संपर्क में है।

भारत ने जर्मनी के मैगडेबर्ग में हुई इस हमले की निंदा की है। भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हम जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस बाजार में हुए भयानक और संवेदनहीन हमले की निंदा करते हैं। कई बहुमूल्य जानें चली गईं और कई घायल हो गए। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों के साथ हैं। बयान में कहा गया है कि उनका मिशन घायल भारतीयों और उनके परिवारों के संपर्क में है और हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है।

बतादें कि जर्मनी की राजधानी बर्लिन से 150 किमी दूर एक शहर मैगडेबर्ग में शुक्रवार शाम क्रिसमस बाजार में एक बेकाबू कार ने लोगों को रौंदा था। इस घटना में दो लोगों की मौत हुई थी और 60 से ज्यादा

**भारत ने जर्मनी के मैगडेबर्ग में हुई इस हमले की निंदा की है। भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हम जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस बाजार में हुए भयानक और संवेदनहीन हमले की निंदा करते हैं।**

घायल हुए थे। इस घटना के आरोपित सउदी अरब के निवासी तालेब ए. पेशे से एक डॉक्टर है और पिछले 18 साल से जर्मनी में रह रहा है। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है।

## दक्षिण–पूर्वी ब्राजील में यात्री बस और ट्रक में भिड़ंत, 22 लोगों की मौत

एजेंसी

**ब्रासीलिया।** दक्षिण-पूर्वी ब्राजील में मिनास गेरैस राज्य में एक राजमार्ग पर बड़ा सड़क हादसा हुआ। यहां एक यात्री बस और ट्रक के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई। वहीं, घटना में घायल हुए लोगों को टेओफिलो ओटोनी शहर के पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। घटना में 22 लोगों की जान गई है, जबकि 13 लोगों को टेओफिलो ओटोनी शहर के पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में तीन की हालत गंभीर है।

बतादें कि उक्त बस साओ पाउलो से निकली थी जिसमें 45 लोग सवार थे। रास्ते में अचानक बस का टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और एक ट्रक से टकरा गया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि




अनियंत्रित बस ने एक कार को भी टक्कर मारी, हालांकि कार में सवार तीनों लोग सुरक्षित हैं। दमकल अधिकारी लेफ्टिनेंट अलोंसो ने बताया कि बचाव दल दुर्घटनास्थल पर काम कर रहे हैं और अब भी और पीड़ितों को निकाला जाना बाकी है।

## भारतीय अभिनेता जॉन अब्राहम ने नेपाल सरकार को खत लिखकर हाथी महोत्सव बंद करने का किया आग्रह

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत के जाने माने फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम ने नेपाल सरकार को खत लिख कर जनवरी में होने वाले हाथी महोत्सव को रोकने का आग्रह किया है। उन्होंने पर्यटन प्रवर्धन के नाम पर हाथियों के साथ किए जाने वाले व्यवहार पर आपत्ति जताई है। जॉन अब्राहम ने नेपाल के पर्यटन तथा संस्कृति मंत्री बद्री पांडे को संबोधित करते हुए यह पत्र भेजा है। नेपाल में जंगल सफारी के लिए मशहूर चितवन में हर वर्ष होने वाले हाथी महोत्सव को रोकने और इस तरह के महोत्सव में हाथियों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि हाथी महोत्सव में प्रतियोगिता और खेलों के नाम पर हाथी के साथ किए जाने वाला व्यवहार




संवेदनहीन है इसलिए इस तरह के महोत्सव में हाथी के प्रयोग पर रोक लगानी चाहिए। खुद को जानवरों का प्रेमी बताते हुए जॉन अब्राहम ने लिखा है कि हाथी महोत्सव में हाथियों के बीच होने वाले फुटबॉल और पोलो जैसे खेलों से उनके शारीरिक स्थिति पर नकारात्मक असर होता है इसलिए इस तरह की प्रतियोगिता को बंद किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं जॉन अब्राहम ने हाथी के ऊपर पर्यटकों को सवार करा कर उसे पूरे जंगल में घुमाए जाने को भी मानवीय संवेदना के विपरीत बताया है। जॉन ने अपने पत्र में लिखा है कि नेपाल सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि आखिर हाथी का इस तरह के प्रयोग कितना उचित है? उन्होंने कहा कि पर्यटकों को बिठाकर हाथी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होना भी दुखद है इसलिए सिर्फ मनोरंजन के लिए इस तरह के खेलों पर रोक लगाने की आवश्यकता है।

## पाकिस्तान में 09 मई के दंगों के मामले में 25 लोगों को जेल की सजा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सैन्य अदालतों ने बीते साल मई में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़के दंगों के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने के लिए 25 लोगों को दो से 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि 9 मई को देश ने कई स्थानों पर राजनीतिक रूप से भड़काई गई हिंसा और आगजनी की दुखद घटनाओं को देखा, जो पाकिस्तान के इतिहास में एक काला अध्याय है% जब नफरत और झूठ के कथानक पर आधारित, सेना के प्रतिष्ठानों और शहीदों के स्मारकों पर राजनीतिक रूप से सुनियोजित हमले किए गए। बयान के अनुसार दोषियों को सैन्य सुविधाओं पर हमला करने के लिए दो से 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई गई है। इसमें 14 लोगों को दस वर्ष का कारावास की सजा मिली जबकि अन्य को कम अवधि की सजा दी गई। सेना ने कहा कि शेष अभियुक्तों की सजा का भी ऐलान किया जा रहा है और उचित प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही




इसकी घोषणा की जाएगी। सेना ने इस घटनाक्रम को राष्ट्र को न्याय प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया और उन सभी लोगों को एक कड़ा संदेश दिया जो निहित स्वार्थों की तरफ से शोषित हैं और उनके राजनीतिक प्रचार और मादक झूठ के शिकार हो गए हैं, कि वे भविष्य में कभी भी कानून को अपने हाथ में न लें। इसमें यह भी कहा गया कि कई अभियुक्तों पर कई आतंकवाद निरोधी अदालतों में मुकदमा भी चल रहा है और उनके मामलों को कानून के अनुसार आगे बढ़ाया जा रहा है। इसमें %मास्टरमाइंड% को दंडित करने का इरादा दिखाया गया है, जिसमें कहा गया है कि %न्याय तभी होगा जब 9 मई की त्रासदी के मास्टरमाइंड और योजनाकारों को संविधान और देश के कानून के अनुसार दंडित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीते 9 मई 2023 को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने भ्रष्टाचार के एक मामले में पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और फैसलाबाद में आईएसआई के भवन समेत कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर कथित तौर पर हमला किया था। इस मामले में सैकड़ों की संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## अमेरिका में शटडाउन संकट से उबरने के लिए लाया गया नया विधेयक, अब सीनेट की मंजूरी का इंतजार

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में शटडाउन संकट को टालने के प्रयास जारी हैं। इसके लिए संघीय सरकार नया विधेयक लेकर आई है। स्टॉपगैप फंडिंग विधेयक को अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की मंजूरी मिल गई है। अब इस पर उच्च सदन सीनेट में मतदान होना है। इसे सीनेट के पास भेज दिया गया है। आज अगर सीनेट की मंजूरी मिल जाती है तो अमेरिका के नागरिकों को क्रिसमस की छुट्टियों में शटडाउन की वजह से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। एनबीसी न्यूज और सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट्स में कहा है कि संघीय सरकार इस संकट को टालने के प्रयास तो कर रही है पर उसने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सलाह नहीं मानी है। ट्रंप चाहते थे कि नए विधेयक में ऋण सीमा में वृद्धि शामिल की जाए। राष्ट्रपति जो बाइडेन की संघाय सरकर ने उनकी सलाह को दरकिनार कर दिया। इसलिए इसे ट्रंप के लिए झटका भी कहा जा सकता है। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के सभापति माइक जॉनसन ने नया विधेयक सदन में पेश किया। निचले सदन ने इसे 366-34 के भारी बहुमत से मंजूरी



दी। जॉनसन ने कहा कि यह अमेरिका के लिए अच्छा परिणाम है। कांग्रेस देश में शटडाउन नहीं होने देने की पूरी कोशिश कर रही है। हालांकि ट्रंप अभी भी अपनी ऋण सीमा बढ़ाने की मांग पर अड़े हुए हैं। ऐसे में सीनेट से विधेयक के पास होने को लेकर अभी भी संशय है। ऋण सीमा बढ़ाने की ट्रंप की मांग के पीछे एलन मस्क का दिमाग माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने सरकारी खर्च कम करने की जिम्मेदारी मस्क को सौंपी है। कई सांसद इससे नाराज हैं। उनका कहना है कि मस्क कांग्रेस के सदस्य नहीं हैं, लेकिन वह दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रभावशाली नेता चक शूमर ने एक्स पर लिखा है कि वह इस बात के लिए आश्वस्त हैं कि सीनेट शटडाउन को रोकने के लिए मतदान करेगी।

## रूस के कजान में यूक्रेन का ड्रोन हमला, ऊंची इमारतों को बनाया निशाना

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के कजान में आज सुबह किए गए ड्रोन हमले से अफरातफरी मच गई। मानवरहित ड्रोन आवासीय ऊंची इमारतों से टकरा गए। इससे आग लग गई। कजान मेयर कार्यालय ने इसकी पुष्टि की। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी तास के अनुसार, कजान मेयर कार्यालय ने कहा कि तातारस्तान की राजधानी कजान शहर के तीन जिलों में मानवरहित हवाई वाहनों ने आवासीय भवनों पर हमला किया। इसके बाद इन इमारतों को खाली करा लिया गया। तातारस्तान के प्रमुख रुस्तम मिन्निकानोव मौके पर हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को समयानुसार सुबह 7-50 बजे तातारस्तान क्षेत्र में एक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। मगर इस हमले के बाद कजान के सोवेत्स्की, किरोव्स्की और प्रिवोलज्स्वकी जिलों में आवासीय इमारतों में आग लग गई।



राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर निगम की आपातकालीन सेवाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। कजान के मेयर इल्सुर मेत्शिन ने प्रभावित लोगों को अस्थायी आवास, गर्म कपड़े और भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में इस हमले को अमेरिका के 9/11 जैसा बताया गया है। कजान एयरपोर्ट को भी अस्थायी रूप से बंद करने का दावा किया गया है।रूस की विमानन निगरानी संस्था रोसावियात्सिया ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के माध्यम से कहा, कजान पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद यह कदम उठाया गया है। दो अन्य हवाई अड्डों पर भी अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है। कजान मॉस्को से लगभग 800 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने हमले के बाद आरोप लगाया कि इसके पीछे यूक्रेन का हाथ है। रूस का कजान शहर 2024 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए चर्चा में रहा है। इसे रूस की तीसरी राजधानी भी कहा जाता है। वर्ष 2018 में यहीं पर फीफा वर्ल्ड कप आयोजित किया गया था। यहां भारत भी अपना दूतावास खोलने वाला है। यूक्रेन की राजधानी कीव से कजान की दूरी करीब 1400 किलोमीटर है।

## स्वच्छ श्रीलंका अभियान के लिए कार्यबल की स्थापना

एजेंसी

**काठमांडू।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के स्वच्छ श्रीलंका अभियान की सफलता के लिए कार्यबल की स्थापना की गई है। एक राजपत्र अधिसूचना में कार्यबल में शामिल लोगों के नामों की घोषणा की गई है। न्यूज के अनुसार, यह अभियान राष्ट्रपति के सचिव डॉ. एनएस कुमानायके की देखरेख में शुरू होगा। वह कार्यबल का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रपति के वरिष्ठ अतिरिक्त सचिव जीएमआरडी अपोंसु सचिव के रूप में कार्य करेंगे। कार्यबल के सदस्यों में सेना, नौसेना और वायुसेना के कमांडर को भी शामिल किया गया है। अन्य सदस्यों में कार्यवाहक महानिरीक्षक प्रियंता वीरसुरिया, शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कुमुदु लाल डी सिल्वा, आईएस जयरत्न, गिहान डी सिल्वा, सैंड्या सालगाडो, डॉ. गामिनी बटुविटेज, डॉ. अनुरुद्ध



गमागे, दिल्रुक वानासिंघे, दीपल सोरियाराच्ची, सिसिरा अमरबंदु, कृष्णथा कुरे, जयथु परेरा, रुवान वीरसूर्या और दयान करुणारत्न हैं। स्वच्छ श्रीलंका अभियान का मकसद समाज में नैतिक पर्यावरणीय जागरुकता पैदा करना है। यह अभियान सारे देश में शुरू किया जाना है। इसमें सामाजिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा।

## भारतीय जेल में दो साल की सजा काटने के बाद 15 बांग्लादेशी घर लौटे

एजेंसी

**ढाका।** भारत की एक जेल में दो साल की सजा काटने के बाद नौ महिलाओं सहित 15 बांग्लादेशी बेनापोल चेक पोस्ट के माध्यम से स्वदेश लौट आए। उनके छह बच्चे भी साथ आए। पेट्रापोल आव्रजन पुलिस ने उन्हें कल रात करीब साढ़े 10 बजे बेनापोल आव्रजन पुलिस को सौंपा। द डेली स्टार समाचार पत्र




के अनुसार, गैरसरकारी संगठन राइट्स जशोरे ने सभी 15 व्यक्तियों को अपने यहां आश्रय दिया। बेनापोल आव्रजन पुलिस के प्रभारी इब्राहिम अहमद ने कहा, इन लोगों को बाद में उनके परिवारों को सौंपा जाएगा। यह लोग नरैल, खुलना और सथखिरा जिलों के विभिन्न क्षेत्रों के हैं। पैसे के बदले काम का वादा कर तस्कर उन्हें करीब ढाई साल पहले भारत के मुंबई ले गए थे। वहां पहुंचने पर तस्कर उन्हें मुंबई के एक रेलवे स्टेशन पर छोड़कर भाग गए। उन्हें भारतीय रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अदालत ने इन लोगों को दो साल की सजा सुनाई थी।

## कोलकाता में जन्मे बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल आरिफ का 83 वर्ष की आयु में ढाका में निधन

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल और अंतरिम सरकार के नागरिक उड्डयन और पर्यटन सलाहकार एएफ हसन आरिफ का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने कल दोपहर बाद राजधानी ढाका के लैबैड अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके बेटे मोअज आरिफ ने इसकी पुष्टि की। बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, हसन आरिफ को दोपहर करीब तीन बजे अस्पताल ले जाया गया था। वह खाना खाते समय गिर गए थे। परीक्षण के के बाद उन्हें अपराह्न 3-35 बजे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के जनसंपर्क अधिकारी चौधरी मेहर-ए-खोदा ने कहा, उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ था। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील एएफ हसन आरिफ का जन्म 1941 में कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अपनी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा



कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज से पूरी की। इसके बाद उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री और एलएलबी की उपाधि प्राप्त की। 1967 में कलकत्ता हाई कोर्ट में एक वकील के रूप में नामांकन कराने के बाद वह पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) चले गए। उन्होंने 1970 में ढाका हाई कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की।

हसन आरिफ सैन्य तानाशाह एचएम इरशाद के शासन के समय अप्रैल 1982 से अगस्त 1985 तक सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में और अगस्त 1985 से मार्च 1996 तक डिप्टी अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने अक्टूबर से बीएनपी-जमात-ए-इस्लामी गठबंधन सरकार के दौरान अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य किया। जनवरी 2008 से जनवरी 2009 तक उन्होंने फखरुद्दीन अहमद के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार के कानूनी सलाहकार के रूप में कार्य किया। पूर्व अटॉर्नी जनरल ने कई मामलों में मोहम्मद यूनुस का प्रतिनिधित्व किया। नागरिक उड्डयन और पर्यटन मंत्रालय के प्रवक्ता महबुबुर रहमान तुहिन ने बताया कि आज सुबह 11 बजे हाई कोर्ट परिसर में अंतिम संस्कार प्रार्थना की गई। उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा, इसकी घोषणा बाद में की जाएगी।

# भाजपा दिल्ली में पूर्वांचलियों को उजाड़ने की साजिश कर रही: संजय सिंह




**नई दिल्ली**
**आम आदमी पार्टी का** कहना है कि भाजपा दिल्ली में रह रहे पूर्वांचल समाज के लोगों को उजाड़ने की साजिश कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि भाजपा संसद में पूर्वांचल समाज के लोगों को रोहिंग्या कहकर अपमानित करने के बाद अब उनके बच्चों को प्रताड़ित करना और उनके घरों पर बुल्डोजर चलाना चाहती है। पूर्वांचल समाज को बर्बाद करने के लिए भाजपा ने अपने अधिकारियों से एमसीडी में आदेश पास कराया है कि निगम के स्कूलों में पढ़ रहे बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान की जाए और उनके अतिक्रमण को हटाया जाए। अभी कुछ दिन पहले ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि यूपी, बिहार के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या हैं, इनके वोट कटवाएंगे। अगर भाजपा को बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को पकड़ना होता तो ये बक्करवाला में जाते, जहां इनकी केंद्र सरकार ने इनको बसाया है और तमाम सुविधाएं दी हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भाजपा अपनी गंदी साजिशों को बंद नहीं करेगी तो आम आदमी पार्टी पूर्वांचल समाज के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेगी।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि भाजपा यूपी, बिहार और पूर्वांचलियों के प्रति अपने घृणित मानसिकता से बाहर नहीं आ रही है और भाजपा संसद में विवाद के बाद पूर्वांचलियों को दिल्ली में बर्बाद करने की एक नई योजना लेकर आई है।

पूर्वांचलियों के बच्चों को प्रताड़ित करने की योजना लेकर आई है। उनका घर, दुकान उजाड़ने की योजना लेकर आई है। उनके घरों में पर बुलडोजर चलाने की योजना लेकर आई है। मैं भाजपाइयों को सावधान करना चाहता हूं कि ऐसी हरकत मत करो, वरना हम लोग सीधी लड़ाई के लिए मैदान में उतरेंगे और उसका अंजाम बहुत बुरा होगा। हमारे यूपी, बिहार के लोगों को बांग्लादेशी कहकर अपमानित करना बंद करो। अगर भाजपाइयों ने उनको उजाड़ने और उनके बच्चों को अपमानित करने की कार्रवाई, उनके ऊपर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई करने की कोशिश की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। संजय सिंह ने कहा कि मैं भाजपाइयों से कहना चाहता हूं कि अपना दिमाग ठीक करके होश में रहो। किसी भी पूर्वांचल के भाई पर अगर कार्रवाई हुई तो अंजाम बहुत बुरा होगा जिसके लिए खुद भाजपा जिम्मेदार होगी। दिल्ली की सड़कों पर इसे लेकर जो कुछ भी हंगामा होगा, इसके लिए भी खुद भाजपा जिम्मेदार होगी। इसलिए यह सब घृणित प्रयास करना बंद करें।

### आप सरकार, शुरू करेगी डॉ. अंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना

**नई दिल्ली**
दिल्ली के दलित समाज के बच्चों को अब विदेश में पढ़ने का सपना साकार हो सकेगा। दलित छात्रों को सिर्फ विदेश की किसी मनचाही टॉप की यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेना होगा। उसके बाद आने- जाने और वहां रह कर पढ़ाई करने का पूरा आम आदमी पार्टी की सरकार उठाएगी। आम आदमी पार्टी की सरकार डॉ. अंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना शुरू करेगी। शनिवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के दलित समाज के लिए यह बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ दलित समाज के सरकारी कर्मचारी भी उठा सकेंगे। वह भी अपने बच्चों को मुफ्त में विदेश पढ़ने के लिए भेज सकेंगे। उन्होंने कहा कि अमित शाह और भाजपा ने संसद में बाबा साहब का अपमान किया और उनका मजाक उड़ाया, यह योजना इसका जवाब है। भाजपा वालों, तुम बाबा साहब को गाली दो और मैं उन्हें सम्मान दूंगा। इस दौरान मनीष सिसोदिया, सीएम आतिशी, मंत्री मुकेश अहलावत, अवध ओझा, राखी बिड़लान, कुलदीप कुमार समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार



**नई दिल्ली**
**पीएस जहांगीर पुरी** की टीम द्वारा 01 शातिर चोर एवं वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया।

उसके कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाइकिल और 01 देसी कट्टा बरामद किया गया। इसकी पहचान अभय पुत्र ज्ञान चंद निवासी जहांगीर पुरी, दिल्ली, उम्र- 23 वर्ष की गिरफ्तारी के साथ, पीएस जहांगीर पुरी के कर्मचारियों ने 01 अवैध बंदूक (देसी कट्टा) और 01 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। उसका कब्जा. उसने आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध करना शुरू कर दिया ताकि ड्रग्स/शराब की लत को पूरा किया जा सके। तदनुसार उक्त आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध करना शुरू कर दिया ताकि ड्रग्स/शराब की लत को पूरा किया जा सके।

## चांदनी चौक में हुआ दारा शिकोह पर व्याख्यान

**नई दिल्ली**
दिल्ली के चाँदनी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल इमारत में दारा शिकोह पर व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार, अपर आयुक्त जितेन्द्र यादव, जोन उपायुक्त समेत अनेकों निगम अधिकारी, अधिशासी अभियंता, संजीव कुमार और क्षेत्रवासी मौजूद रहें। निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने ऐतिहासिक टाउन हॉल इमारत का भ्रमण किया, साथ ही टाउन हॉल के विभिन्न हिस्सों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का जायजा लिया। उन्होंने भवन की मौजूदा स्थिति का निरीक्षण किया, साथ तत्काल रिपेयर की आवश्यकता महसूस की। आयुक्त में टाउन हॉल की विरासत का संरक्षण करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। आयुक्त कुमार ने कहा कि टाउन हॉल की इमारत दिल्ली के इतिहास का अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अपनी समृद्ध विरासत को सहेजना एक जागरूक समाज की निशानी है। दिल्ली नगर निगम अपनी ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। दारा शिकोह की कब्र को खोजने के लिए किए गए शोध के संबंध में अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने कब्र खोजने के लिए अपनाई गई पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने मुगल काल की पुस्तकों एवं यात्रा वृतांतों के अध्ययन के साथ-साथ स्मारक वास्तुकला का भी उल्लेख किया, जिसने उनके शोध को आगे बढ़ाने में उनका मार्गदर्शन किया। आखिरकार, औरंगजेब के दरबार के इतिहास पर आधारित पुस्तक आलमगीरनामा ने एक पथ प्रदर्शक की तरह काम किया, साथ ही हुमायूं के मकबरे में अकबर के बेटों दानियाल और मुराद की कब्र के बगल में स्थित दारा की कब्र की खोज हुई।

कब्र की वास्तुकला ने उन्हें दारा की वास्तविक कब्र को निश्चित रूप से इंगित करने में मदद की, जो पिछले कई शताब्दियों से परिकल्पना और अनुमान के दायरे में थी। कुमार सिंह के इस महत्वपूर्ण और निर्णायक कार्य को 2022 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित समिति द्वारा दारा शिकोह की कब्र की खोज में एक निर्णायक कार्य के रूप में स्वीकार किया गया है।

## 12 घण्टे में गिरफ्तार हुआ कुख्यात लुटेरा

**नई दिल्ली**
डकैती के एक मामले में मात्र 12 घंटे के भीतर ही पीएस सुभाष प्लेस द्वारा एक कुख्यात लुटेरे की गिरफ्तारी की गई। जिसके पास से नकद रु. उसके पास से 4000/-, 1 डायमंड अंगूठी, 1 पुखराज अंगूठी, 1 जोड़ी डायमंड इयररिंग्स, 01 टाइटन घड़ी, 07 मोबाइल फोन बरामद हुए। साथ ही एक स्कूटी भी बरामद की गई है जिसका उपयोग अपराध करने में किया जाता था। आरोपी व्यक्ति एक कट्टर अपराधी है, जिसका दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज स्नैचिंग के मामलों में शामिल होने का इतिहास है। इसकी पहचान गौरव उर्फ ??नोनू पुत्र राजकुमार उर्फ ??राजू निवासी ई ब्लॉक, ई-243, पहली मंजिल, झुग्गी, भारत नगर, दिल्ली, उम्र - 27 वर्ष, पीएस सुभाष प्लेस के




कर्मचारी एफआईआर नंबर 901/24 यू/एस 304(2)/3(5) बीएनएस पीएस सुभाष प्लेस में दर्ज एक डकैती का मामला सुलझाया गया और नकद रु. उसके कब्जे से 4000/-, 1 हीरे की अंगूठी, 1 पुखराज अंगूठी, 1 जोड़ी हीरे की बालियां, 01 टाइटन घड़ी, 07 मोबाइल फोन बरामद हुए। एक स्कूटी भी बरामद की गई है जिसका इस्तेमाल अपराध को अंजाम देने में किया जाता है। डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि दिनांक 20.12.2024 को थाना सुभाष प्लेस पर स्नैचिंग के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचने पर, पीड़िता मोना गोगिया पत्नी राकेश गोगिया निवासी अशोक विहार, फेज-2, दिल्ली, उम्र-49 वर्ष की जांच की गई, जिसने बताया कि दिनांक 18.09.2018 को। 20.12.2024 को दोपहर 3:35 बजे जब वह ई-रिक्शा में शालीमार बाग से ब्रिटानिया चौक रेड लाइट की ओर जा रही थी, एक सफेद स्कूटी पर दो लोगों ने उसका हैंडबैग छीन लिया, जिसमें रुपये थे। इसमें 10,000/- नकद, 1 डायमंड सिंग, 1 जोड़ी डायमंड ईयररिंग, एक टाइटन घड़ी, 02 मोबाइल फोन और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज।

### 'आप' के लिए एक और टेंशन

## दिल्ली के बस मार्शलों ने केजरीवाल के विरुद्ध घोषित किया प्रत्याशी

**नई दिल्ली**
दिल्ली की राजनीति में हलचल मचाते हुए जनहित दल ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपने छह उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में दिल्ली सरकार के पांच पूर्व बस मार्शलों को उम्मीदवार बनाया गया है, जो कि पार्टी की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उम्मीदवारों की सूचीः जनहित दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशुमान जोशी ने शनिवार को उम्मीदवारों की सूची का अनावरण किया। पार्टी का स्पष्ट मानना है कि बस मार्शल और सिविल डिफेंस के कर्मचारी वर्षों से उपेक्षित हैं और उनकी समस्याओं को सही मायने में अब विधानसभा में उठाने की आवश्यकता है।

बता दें कि दिल्ली के बस मार्शलों और सिविल डिफेंस कर्मचारियों का मुद्दा इस बार चुनावी चर्चा का प्रमुख विषय बन सकता है। सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर इन समुदायों के नेताओं ने अपने साथ हुई अन्याय की चर्चा करते हुए सरकार को चुनौती देने का आह्वान किया है। घोषित उम्मीदवारों की सूची में निम्नलिखित नाम शामिल हैं।--

ध्यानमो देवी (पूर्व बस मार्शल) - जरेला विधानसभा
प्रवीण कुमार (पूर्व बस मार्शल) - मुंडका विधानसभा
ललित मीना (पूर्व बस मार्शल) - मुस्तफाबाद विधानसभा
राकेश त्यागी श्रीवास्तव - तिमारपुर विधानसभा
आदित्य राय (पूर्व बस मार्शल) - नई दिल्ली विधानसभा
अनिल कुमार (पूर्व बस मार्शल) - बुराड़ी विधानसभा

## दिल्ली में बांग्लादेशियों के लिए एमसीडी का कड़ा निर्णय , अब नहीं जारी होगा जन्म प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली**
दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने राजधानी में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान और उनके गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कठोर उपायों की घोषणा की है। मसीडी ने सभी स्कूलों को निर्देशित किया है कि वे अवैध बांग्लादेशी प्रवासी बच्चों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाएं और किसी भी प्रकार के जन्म प्रमाण पत्र जारी करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएंगे।

**अवैध प्रवासियों के लिए कार्रवाई :**
12 दिसंबर को गृह मंत्रालय के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में एक वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त और क्षेत्रीय अधिकारियों ने




एमसीडी के आयुक्त का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा की गई और संबंधित विभाग धारकों से कुछ निवारक उपायों पर जोर दिया गया। बीपी भारद्वाज, उपायुक्त (मुख्यालय) एमसीडी ने कहा कि नगर निगम के स्कूलों में प्रवेश के समय अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए प्रभावी उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि स्कूलों में अवैध प्रवासी बच्चों की पहचान करने के लिए एक समर्पित पहचान और सत्यापन अभियान चलाया जाए।

**जन्म प्रमाण पत्र पर सख्तीः**
एमसीडी ने स्पष्ट किया है कि अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को किसी भी परिस्थिति में जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा। इसके लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि वह जन्म पंजीकरण और जन्म प्रमाण पत्र के वितरण के समय सभी एहतियाती निवारक उपाय सुनिश्चित करें। साथ ही, जिन अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, उनके पंजीकरणकताओं की पहचान के लिए भी एक अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

**ये दिए निर्देश**
एमसीडी ने सभी संबंधित अधिकारियों को हर शुक्रवार दोपहर 3:30 बजे तक की गई कार्रवाई का रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उप आयुक्त (मुख्यालय) को निर्देशित किया है। इसके साथ ही, सभी स्कूल प्रमुखों को 31 दिसंबर तक आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया है।

## अस्पताल के चेंजिंग रूम में छिपाया था मोबाइल फोन, बजते ही मचा हड़कंप, कर्मचारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली**
दिल्ली के द्वारका जिले के एक सरकारी अस्पताल में महिलाओं के चेंजिंग रूम में एक गुमनाम मोबाइल फोन मिला। इसका खुलासा उस समय हुआ, जब एक कॉल आने से मोबाइल फोन बजते हुए सुनी। इसके बाद अस्पताल चेंजिग रूम में मौजूद महिलाओं के बीच हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद पुलिस ने एक सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इस बात का पता लगाने में जुटी है कि कहीं महिलाओं के चेंजिंग रूम में इस मोबाइल के जरिए आरोपी ने वीडिया क्लिप तो नहीं बनाई?

हालांकि, पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए फोन को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी चेंजिंग रूम का वीडियो बनाने में सफल नहीं हो पाया था। फिलहाल, पुलिस फॉरेंसिक रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

## मंदिर में हुआ ध्वजा पूजन

**नई दिल्ली**
राष्ट्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि को लेकर हनुमान मंदिर (रजि.) समिति, ब्रह्मपुरी, दिल्ली के महंत सतीश भाई जी के नेतृत्व में सैकड़ों भक्तों के साथ राजस्थान के मेंहदीपुर बालाजी मंदिर के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में भव्य ध्वजा पूजन किया गया, साथ ही बैंड बाजो के साथ पैदल यात्रा हनुमान बाबा के जयघोष के साथ मरघट वाले बाबा हनुमान मंदिर, जमना बाजार पहुंचीजहा मंदिर के महंत वैभव शर्मा ने उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मंदिर के महंत सतीश भाई ने कहा कि ये हनुमान



बाबा की ही शक्ति है, कि 75 वर्ष की अवस्था होने के बावजूद सनातन की रक्षा के लिए सदैव अपने आराध्य देवताओं पर हमें विश्वास होता है, उन्ही के आशीर्वाद से हम राष्ट्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए प्रतिवर्ष यात्रा का आयोजन करते है। इस बार ये 38 वीं यात्रा हैं, साथ ही यात्रा बदरपुर बार्डर, पलवल, कोसी,कामा, डींग, सैंत गांव, हलेना, महुआ होती हुई। 27 दिसम्बर 2024 शुक्रवार को राजस्थान के मेंहदीपुर बालाजी पहुंचेगी, जहां बालाजी महाराज

## ईडी को मुकदमा चलाने की मंजूरी मिलने की खबर झूठीः- सिसोदिया

**नई दिल्ली**
**आम आदमी पार्टी के** राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एलजी द्वारा ईडी को मुकदमा चलाने की मंजूरी देने की मीडिया में चलाई जा रही खबरों को पार्टी ने फर्जी और झूठी करार दिया है। मीडिया में इस तरह की खबरें फैलाने की सूचना मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सीएम आतिशी समेत कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसका खंडन किया और सबने ईडी को एलजी के उस आदेश की कॉपी दिखने की चुनौती दी। साथ ही कहा कि यह सिर्फ बाबा साहब अंबेडकर के अपमान के मुद्दे से दिल्ली के लोगों का ध्यान भटकाने और उन्हें गुमराह करने के लिए किया जा रहा है।




आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि अगर एलजी विनय सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, तो ईडी उस मंजूरी की कॉपी क्यों नहीं दिखा रही है? यह साफ है कि ये खबर पूरी तरह झूठ और गुमराह करने वाली है। बाबा साहब के अपमान के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए जुमलेबाजी बंद करो और दिखाओ ईडी को मुकदमा चलाने के लिए दी गई मंजूरी कहां है? आप के वरिष्ठ नेता एवं संसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने किसी भी प्रकार की कोई मंजूरी मुकदमा चलाने के लिए नहीं दी है। अगर ईडी को मुकदमा चलाने के लिए पत्र मिला है तो उन्हें वह पत्र सार्वजनिक करना चाहिए। उसको छिपाकर क्या साबित करना चाहते हैं। यह एक बेबुनियाद झूठी खबर है। इस मामले पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अगर एलजी साहब ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, तो ईडी को मंजूरी की कॉपी सार्वजनिक करने में क्या दिक्कत है? यह खबर सिर्फ लोगों को गुमराह करने और मुद्दों से भटकाने के लिए फैलाई जा रही है। भाजपा ये साजिशें बंद करो। सच सामने लाओ। आप के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं हैरान हूं कि केंद्र सरकार के अंदर इतने बड़े-बड़े वकील हैं। एलजी खुद अपने आप को समझदार आदमी बताते हैं। उन्हें यह बुनियादी जानकारी भी नहीं है कि किसी मंत्री या मुख्यमंत्री के ऊपर मुकदमा चलाने के लिए मुकदमे की स्वीकृति चाहिए। आज कह रहे हैं कि मुकदमे की स्वीकृति दी है। इसका मतलब है कि पिछले दो साल से टीवी के अंदर भाजपा सर्कस कर रही थी, वो सब झूठ था। यानि पहले मुकदमा चलाने की इजाजत ही नहीं थी। तो वह क्या ड्रामेबाजी चल रही थी। आज भी हमारी जानकारी है कि अब तक कोई मुकदमे की मंजूरी नहीं दी गई है। सिर्फ झूठ और राजनीति कारणों से यह सारा का सारा षडयंत्र चलाया जा रहा है। यह बहुत शर्मनाक है।

आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने एक्स पर लिखा कि भाजपा, दिल्ली चुनाव में रोज एक झूठी खबर फैलाने की कोशिश कर रही है। ये खबर पूरी तरह झूठी है कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी को अभियोजन की मंजूरी दी है। ऐसी कोई मंजूरी नहीं दी गई है। अगर कोई इसे सच कहे, तो उनसे उस मंजूरी की कॉपी दिखाने को कहें।

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## बल्लीमारान विधानसभा में भाजपा से जुड़े बाल्मीकि समाज के सैकड़ों

**नई दिल्ली**
बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से जुड़े वाल्मीकि समाज के सैकड़ों लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दिल्ली के खाद्य आपूर्ति मंत्री व बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने सभी लोगों का आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर उनका जोरदार स्वागत किया। आज दिल्ली के खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन की मौजूदगी में विशाल ढकोलिया (अध्यक्ष वाल्मीकि जन्मोत्सव कमेटी,दिल्ली ) मुकेश ढकोलिया, अजित बहोत,ललित बहोत, वैभव टांक, अभिषेक टांक, मयंक चौधरी, हरमहेंद्र चौहान, भारत, मनीष बहोत, विकास ढलोर,अनुराग ढकोलिया, रंजित खलीफा, विनय पार्चा,सन्नी टांक,अंकित जाटव, पुनित जाटव,अभिषेक चौधरी, सचिन ढकोलिया, काका सूद, भानू ढकोलिया, नकुल चौधरी, राहुल लूहेराजी, सन्नी लूहेराजी, विनोद बहोत, लालचन्द, दानिश अंसारी, शहदाब भाई, राजेश चौहान, विक्की बहोत, तरुण मेहता , दक्ष ढकोलिया,पारस चौहान, मोहित बहोत, जितेश बहोत, अंकल चिनू, आबिद भाई ,मोहित इन्दीरिया, बॉबी खटल, अमित तन्वर सहित बीजेपी की विचारधारा से जुड़े अन्य सैकड़ों लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दिल्ली के खाद्य पूर्ति मंत्री व बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने टोपी-पटका पहनाकर सभी का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया।इस अवसर पर इमरान हुसैन ने कहा कि वाल्मीकि समाज का समर्थन हमारे लिए गर्व और जिम्मेदारी की बात है। हमारी पार्टी हमेशा समाज के हर वर्ग के लिए काम करती आई है और यह कदम हमें और मजबूती प्रदान करेगा। सुशासन से प्रेरित होकर उन्होंने यह कदम उठाया। उन्होंने कहा, "अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे बुनियादी क्षेत्रों में जो बदलाव किए हैं, वे समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक हैं। खासकर सफाई कर्मचारियों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए किए गए प्रयास के चलते हमलोग आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं।बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने इसे एक बड़ा राजनीतिक समर्थन बताते हुए कहा कि यह कदम पार्टी की जमीनी पकड़ को खासकर समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के बीच और मजबूत करेगा।

हमारी सरकार और पार्टी वाल्मीकि समाज के सशक्तिकरण और उनके मुद्दों के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।

## कैसे खत्म होंगीं राजधानी की समस्याएं

**नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में स्ट्रील लाइटें, पानी की कि ल्लत, नाले ओवरफ़्लो, जर्जर हालत में सड़के, पार्को की खस्ता हालत, सड़कों पर रोजाना जाम, पुरानी इमारतें और खुले हुए सीवरों की समस्याए कम होने की वजह और बढ़ती ही जा रही है। इन तमाम समस्याओं के कारण क्षेत्रवासी बेहद ही आहात होते जा रहा है। रोजाना पीने के पानी, खुले सीवरों की कि ल्लत से क्षेत्र की जनता परेशान हो रही, साथ ही स्ट्रील लाइटों के खराब होने के कारण अपराधों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। जर्जर सड़के, खुले सीवर और पुरानी इमारतों के कारण लोगों को अपनी जान तक गवानी पड़ जाती है, लेकिन विभागीय स्तर से समस्याओं का कोई समाधान होते नहीं दिखाई दे रहा है। पक्ष-विपक्ष पार्टी नेता आपसी मुद्दों को लेकर आमने-सामने अड़ी रहती है, लेकिन क्षेत्रों में हो रही समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं है। चुनावों के दिन नजदीक आते ही पक्ष-विपक्ष पार्टी नेताओं द्वारा क्षेत्रीय जनताओं को अनेकों तरह के वादें कर वोट हासिल कर लेते है, लेकिन नेताओं द्वारा क्षेत्र में समस्याओं को निबटारा तक नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार, पक्ष-विपक्ष नेताओं द्वारा क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया जाता है कि अबकि बार हमारी सरकार बनी, तो फ़्री बिजली, फ़्री पानी, पेंशनों में बढ़ोतरी, अपराध की वारदातों पर लगाम और सड़कों की हालातों को सुधारा जाएगा, लेकिन नेताओं को अपनी कुर्सी हासिल होते ही जनता से करें हुए तमाम वादों को भूल कर अपनी सत्ता में चूर हो जाते है। पक्ष-विपक्ष पार्टी नेताओं की आपसी लड़ाई के चक्कर में भोलीभाली जनता पीस रही है। क्षेत्रवासी खराब विभाग अधिकारियों को अवगत कराने की कोशिश करते है।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी